


अंधकार से अंधकार को दूर नहीं किया जा सकता है, केवल प्रकाश से ही ऐसा किया जा सकता है। नफरत से नफरत को नहीं हटाया जा सकता है, केवल प्यार से ही ऐसा किया जा सकता है। - मार्टिन लूथर किंग, जूनियर

www.amritvichar.com

# अमृत विचार

बरेली महानगर

**बरेली के प्रमुख समाचार**


- फर्जी आईएएस गैंग पर ताबड़तोड़ एक्शन, एक दिन में 9 एफआईआर-II
- उद्योगों की सुरक्षा को पूरे हों अग्निसुरक्षा मानक- III
- द ह्यूमन सेंट्रिक अप्रोच पर कई देशों के शिक्षाविदों का व्याख्यान-IV


बरेली, शुक्रवार,8 मई 2026

## सिटी ब्रीफ

### जंक्शन पर लगाई जाएंगी 18 बोतल क्रशर मशीनें

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली जंक्शन पर प्लास्टिक कचरे को खत्म करने के लिए दो बोतल क्रशर मशीनें लगाई जा चुकी हैं। 18 मशीनें और लगाई जाएंगी। गर्मी के मौसम में स्टेशन पर पानी की मांग काफी बढ़ जाती है। यात्री बड़ी संख्या में बोतलबंद पानी खरीदते हैं, जबकि कई लोग वाटर एटीएम से भी बोतलों में पानी भरते हैं। उपयोग के बाद इन प्लास्टिक बोतलों को अक्सर प्लेटफॉर्म या रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया जाता है, जिससे स्टेशन परिसर में गंदगी फैलती है और पर्यावरण पर भी काफी असर पड़ता है। कई बार ट्रैक पर फेंकी गई बोतलों के कारण सीवर लाइन चोक हो जाती है, जिससे परिचालन में भी दिक्कतें आती हैं।

### स्पेशल कोर्ट ने खारिज की गैंगस्टर केस में जमानत अर्जी

**विधि संवाददाता, बरेली :** स्पेशल जज गैंगस्टर एक्ट कोर्ट संतोष कुमार यादव ने थाना बारादरी खुर्रम गौटिया निवासी शेखर की जमानत अर्जी खारिज कर दी। सरकारी वकील दिगम्बर पटेल ने बताया कि बारादरी पुलिस ने समाज विरोधी क्रिया कलाप में शामिल होने पर गैंगस्टर एक्ट के तहत गैंगस्टर की कार्यवाही कर जेल भेजा था। अभियोजन ने मुल्जिम पर दर्ज गंभीर धाराओं के मुकदमों का आपराधिक इतिहास भी पेश किया।

### शहर में आज

- बरेली कैन्टोमेन्ट बोर्ड द्वारा बरेली लेडीज सर्कल चट्टानों राह-गिरी दिवस धोपेश्वर नाथ चौक पर सुबह 6 बजे से 9 बजे तक
- जिम में घटनाओं को लेकर बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद की प्रेसवार्ता श्री कृष्ण लीला स्थल स्थित कार्यालय पर दोपहर 12 बजे
- बरेली कालेज में विश्वविद्यालय की परीक्षा सुबह 8 बजे से 11 बजे, 12 बजे से 2 बजे ओर 3 बजे से 5 बजे तक
- एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के प्रो. एसबी सिंह ऑडिटोरियम में इंटरनेशनल वैल्यू एडेड लेक्चर सीरीज सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक

# मुंह में छिपे दोस्त-दुश्मन बैक्टीरिया पर रुहेलखंड विवि की बड़ी रिसर्च

रतन सिंह गुर्जर, बरेली


- सूक्ष्मजीवों से अब कैंसर और डायबिटीज की पहचान संभव
- आधुनिक ओमिक्स तकनीक से स्वास्थ्य क्षेत्र में नई उम्मीद

**अमृत विचार :** रिसर्च के क्षेत्र में महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्व विद्यालय को बड़ी सफलता मिली है। पादप विज्ञान विभाग के प्रोफेसर डॉ. पंकज अरोड़ा की अगुवाई में बरेली और गोरखपुर के वैज्ञानिक दल की रिसर्च ने आधुनिक ओमिक्स तकनीक से स्वास्थ्य क्षेत्र में नई उम्मीद जगाई है। रिसर्च से साबित हुआ है कि हर इंसान के मुंह में मौजूद सूक्ष्मजीवों से उसके शरीर में हो रही अच्छी-बुरी हर तरह की उथल-पुथल का पता लगाया जा सकता है। कैंसर और डायबिटीज की पहचान भी संभव है। वैज्ञानिक शोध अंतरराष्ट्रीय एंटोनी वैन लीउवेनहोक जनरल में प्रकाशित होने के बाद सबकी निगाहें इस ओर टिकी नजर आ रही हैं।

यह बात तो सभी जानते हैं कि इंसानी मुंह में करोड़ों सूक्ष्मजीव रहते हैं। ये ही सूक्ष्मजीव आपके शरीर में केवल दांतों की सफाई तक सीमित नहीं बल्कि आपके पूरे शरीर की सेहत से जुड़े होते हैं। वैज्ञानिक इन्हीं सूक्ष्मजीवों की मदद से कैंसर, डायबिटीज और गठिया जैसी गंभीर बीमारियों की पहचान और इलाज के नए तरीके खोज रहे हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार आपके मुंह में ही इंसानी सेहत की पूरी कहानी छिपी है। एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय और अन्य संस्थानों के वैज्ञानिकों के द्वारा किए गए महत्वपूर्ण शोध में यह बात सामने आई है। यह अध्ययन प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय एंटोनी वैन लीउवेनहोक जनरल में प्रकाशित हुआ है। शोध में वैज्ञानिकों ने बताया कि आधुनिक ओमिक्स तकनीक के माध्यम से मुंह में मौजूद सूक्ष्मजीवों का गहराई से अध्ययन कर कई बीमारियों का समय रहते पता लगाया जा सकता है। वैज्ञानिकों के अनुसार मानव शरीर में करीब 38 ट्रिलियन बैक्टीरिया मौजूद होते हैं और पेट के बाद मुंह सूक्ष्मजीवों का दूसरा सबसे बड़ा केंद्र है। एक मिलीलीटर लार में करीब 10 करोड़ सूक्ष्मजीव पाए जा सकते हैं। इनमें बैक्टीरिया के साथ वायरस, फंगस और अन्य सूक्ष्म जीव भी शामिल हैं। शोधकर्ताओं ने बताया कि पहले माना जाता था कि ये सूक्ष्मजीव केवल दांतों की सड़न और मसूड़ों की बीमारी का कारण बनते हैं, लेकिन अब पता चला है कि इनका संबंध मुख कैंसर, मधुमेह और रूमेटोइड अर्थराइटिस जैसी गंभीर बीमारियों से भी है। आधुनिक तकनीकों की मदद से अब इन सूक्ष्मजीवों के डीएनए और उनकी कार्यप्रणाली का अध्ययन किया जा रहा है, जिससे भविष्य में हर व्यक्ति के लिए अलग और सटीक इलाज संभव हो सकेगा। इस शोध कार्य में एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय से डॉ. पंकज कुमार अरोड़ा, प्रो.आलोक श्रीवास्तव, प्रो.संजय कुमार गर्ग, छात्र मुश्ताक अली, आदित्य प्रताप सिंह के अलावा महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय से प्रो. विमल कुमार दुबे का भी सहयोग रहा है।



डॉ. पंकज अरोड़ा।




सूक्ष्मजीवों पर अध्ययन से गंभीर बीमारियों के इलाज में मदद मिलेगी।

### 1680 मे मुख माइक्रोबायोलॉजी की शुरुआत

एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के पादप विज्ञान के डॉ. पंकज अरोड़ा ने बताया कि मुख माइक्रोबायोलॉजी की शुरुआत 1680 में एंटोनी वैन लीउवेनहॉक ने की थी। जिन्होंने अपने दांतों के सैंपल में पहली बार एनीमल्कुल्स देखे थे। आज के आधुनिक विज्ञान ने क्रांति करते हुए 345 साल बाद विज्ञान ने इतनी प्रगति कर ली है कि हम 16 एस राइबोसोमल आरएनए सीक्वेंसिंग और मेटाजेनोमिक्स जैसी तकनीकों से इन सूक्ष्मजीवों के डीएनए और उनके कार्यों का गहराई से विश्लेषण कर सकते हैं

# सेल्फ गणना में 33 सवाल, ऑनलाइन दीजिए जवाब

## परिवार के सिर्फ एक सदस्य को भरना है फार्म, घर- मकान, वाहन, ईंधन, शौचालय, इंटरनेट के बारे में मांगी जा रही जानकारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय महत्व से जुड़ी जनगणना-2027 क्रम में गुरुवार से सेल्फ गणना का कार्य शहर से देहात तक शुरू हो गया। पहले दिन यूपी सरकार के मंत्री डॉ. अरुण कुमार के साथ मेयर, सांसद-विधायकों ने समारोहपूर्वक ऑनलाइन परिवारों की सेल्फ फीडिंग करके दिखाई और आम जनों से भी इस मुहिम बढ़-चढ़कर भागीदारी देने की अपील की। 7 से 21 मई तक चलने वाली सेल्फ जनगणना से जिले में लोग जुड़ते भी नजर आने लगे हैं।

प्रशासन के अनुसार, लोग घर बैठे मोबाइल के जरिए खुद अपने परिवार की जनगणना पूरी कर सकते हैं। इसके लिए परिवार के मुखिया या किसी भी एक सदस्य को को se.census.gov.in पोर्टल पर जाकर मोबाइल नंबर से लॉगिन करना होगा। एक नंबर से एक परिवार की ही फीडिंग संभव होगी। हिन्दी और अंग्रेजी सहित 16 भाषाओं का विकल्प दिया गया है। सेल्फ जनगणना में 33 आसान सवालों के जवाब भरने हैं। इनमें मकान की स्थिति, छत कैसी है, घर में कितने कमरे और रसोई हैं, शौचालय है या नहीं, वाहन कौन सा है, खाना बनाने में क्या ईंधन इस्तेमाल करते हैं, मकान किस सामग्री से बना है, इंटरनेट कनेक्शन है कि नहीं जैसे प्रश्न शामिल हैं। खास बात ये है कि फार्म भरते समय कोई भी कागज अपलोड नहीं करना है, सिर्फ फार्म भरकर सबमिट किया जाना है। ऑनलाइन फॉर्म भरते समय नागरिकों को अपने मकान की लोकेशन भी डिजिटल मैप पर मार्क करनी है। यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद संबंधित परिवार को एक यूनिक आईडी मिलेगी।




जनजागरुकता के क्रम में मंत्री डॉ. अरुण कुमार के साथ सांसद, मेयर, विधायकों ने कलेक्ट्रेट में सेल्फ गणना पूरी की।

### माननीयों ने अपना काम पूरा किया, अब आपकी बारी

बरेली। सेल्फ गणना की शुरूआत होते ही कलेक्ट्रेट सभागार में प्रशासन ने जनजागरुकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें प्रदेश सरकार के मंत्री डा. अरुण कुमार, सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, मेयर डॉ. उमेश गौतम, एमएलसी बहोरन लाल मौर्य, विधायक डा. राघवेन्द्र शर्मा, डा. डी.सी. वर्मा, संजीव अग्रवाल और ने स्वयं डिजिटल माध्यम से अपने परिवार की सेल्फ जनगणना पूरी करी। कार्यक्रम में प्रशासनिक अफसरों ने लोगों को ऑनलाइन प्रक्रिया के बारे विस्तार से जानकारी दी और सभी लोगों से अभियान में भागीदार बनने की अपील की। एसडीएम सदर प्रमोद कुमार ने बताया कि लोगों को प्रशासन सबको जागरूक करने में जुटा है, , ताकि अधिक से अधिक लोग स्वयं ऑनलाइन जनगणना कर सकेंगे।

### बरेली प्रशासन जनगणना के कार्य में जुटा रहा है हजारों कर्मचारी

बरेली प्रशासन जिले में जनगणना कार्य को पूरा करने लिए हजारों कर्मचारी जुटा रहा हैं। इसमें शिक्षक व कर्मचारी प्रगणक की भूमिका निभाएंगे, जबकि अनुदेशक सुपरवाइजर का रोल पूरा करेंगे। सभी कर्मचारियों की फीडिंग डीएसटीओ, डीआईओ एनआईसी के जिम्मे है। कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। ड्यूटी की जानकारी कर्मचारी के मोबाइल पर पहुंचेगी। राष्ट्रीय महत्व इस कार्य को लेकर प्रशासन ने कर्मचारी-अधिकारियों को पहले ही चेता दिया है कि किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अगर कोई कर्मचारी ड्यूटी से गायब हुआ तो उसके खिलाफ सख्त एक्शन होगा।

### मतगणना कर्मी को दिखानी होगी यूनिक आईडी

सेल्फ जनगणना का समय 21 मई को पूरा होगा। इसके बाद अगले चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 22 मई से 20 जून 2026 तक चलेगा। इस दौरान प्रगणक घर-घर जाकर जानकारी जुटाएंगे। जनगणना कार्य कर रहे सरकारी कर्मचारी को परिवार का सदस्य सेल्फ जनगणना के समय मिली यूनिक आईडी दिखाएगा। जनगणना प्रगणक परिवार द्वारा भरी गई जानकारी का सत्यापन करने के बाद उसे ओके कर देंगे। इस तरह सम्बंधित परिवार की गणना पूरी मानी जाएगी।

### मंडलायुक्त भूपेंद्र एस चौधरी ने खुद किया पंजीकरण



**बरेली, अमृत विचार :** जनगणना प्रक्रिया के तहत बुधवार से स्व-जनगणना अभियान की शुरुआत हो गई। अभियान के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से मंडलायुक्त भूपेंद्र एस चौधरी ने स्वयं ऑनलाइन स्व-जनगणना की। इसके साथ ही विभिन्न सरकारी विभागों में भी अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा स्व-जनगणना कराई गई। प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि अब नागरिक घर बैठे मोबाइल फोन के माध्यम से अपनी जनगणना स्वयं कर सकेंगे। इस बार जनगणना प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल होगी।

### ठेकेदार को डिबार करने की चेतावनी

**बरेली, अमृत विचार :** नगर निगम ने निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदार के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है। वार्ड-64 सिकलापुर मेन रोड पर नाली एवं सीसी सड़क निर्माण कार्य समय पर शुरू न करने पर नगर निगम ने मै० जागेश्वर कॉन्ट्रैक्टर को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

अधिशासी अभियंता राजीव कुमार राठी द्वारा जारी नोटिस में कहा गया है कि नीलम होटल से दुर्गा इलेक्ट्रिकल तक नाली और सीसी सड़क निर्माण कार्य की निविदा 17 अप्रैल 2026 को स्वीकृत की गई थी। ठेकेदार द्वारा 20 अप्रैल को स्वीकृति पत्र भी निष्पादित कर लिया गया था।तीन दिन के भीतर स्टाम्प एवं जमानत धनराशि जमा कर अनुबंध कराना अनिवार्य था, जिसकी अंतिम तिथि 23 अप्रैल निर्धारित थी। इसके बावजूद 7 मई तक भी ठेकेदार द्वारा अनुबंध नहीं कराया गया। नोटिस में ठेकेदार को पांच दिन के भीतर लिखित जवाब देने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि निर्धारित समय में संतोषजनक जवाब नहीं मिला तो फर्म की धरोहर राशि जब्त कर उसे नगर निगम की निविदाओं से दो वर्षों के लिए डिबार कर दिया जाएगा।

## बारिश से मौसम हुआ सुहावना







**बरेली, अमृत विचार :** मौसम का मिजाज बुधवार रात से बदला-बदला रहा। गुरुवार को भी हवाएं चलने के साथ बादल छाए रहे। कई हिस्सों में हल्की बूंदाबांदी ने मौसम को सुहाना बना दिया। दोपहर में तेज बारिश ने लोगों को भिगोया। बरेली का अधिकतम तापमान गिरकर 26.7 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि आगामी दिनों में भी हवाओं के साथ मौसम सुहावना रहने की संभावना है। ● अमृत विचार

### भमोरा-आंवला मार्ग का रेलवे फाटक आज व कल रात रहेगा बंद

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर मंडल के मकरंदपुर और घटपुरी रेलवे स्टेशनों के बीच स्थित समपार संख्या 261-सी (भमोरा-आंवला मार्ग) को रेल पथ मरम्मत और ओवरहालिंग काम के चलते अस्थायी रूप से बंद रखा जाएगा। इस बारे में रेलवे की ओर से जानकारी दी गई है। रेल प्रशासन ने बताया है कि यह फाटक 8 मई की रात 11 बजे से 9 मई की सुबह 5 बजे तक बंद रहेगा। इसके बाद 9 मई की रात 11 बजे से 10 मई की सुबह 5 बजे तक दोबारा आवागमन के लिए बंद किया जाएगा। वाहन चालक अलीगंज मार्ग स्थित सीमित ऊंचाई वाले पुल से होकर वैकल्पिक मार्ग का उपयोग कर सकेंगे।

# बिजली चोरी में 15 दबोचे, 9 पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बिजली निगम की संयुक्त टीमों ने श्यामगंज सूफी टोला, शाहदाना में की छापेमारी

**अमृत विचार :** शहर में बिजली चोरी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान पर सवाल उठने लगे हैं। गुरुवार तड़के विद्युत विभाग और विजिलेंस टीम ने श्यामगंज, सूफी टोला, शाहदाना और कटरा चांद खां क्षेत्रों में मॉर्निंग रेड की। विभागीय अधिकारियों के अनुसार चेकिंग के दौरान कई उपभोक्ता वैध कनेक्शन के अलावा सीधे केबल डालकर बिजली चोरी करते पकड़े गए। जिसमें से नौ उपभोक्ताओं के खिलाफ ही रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

बता दें कि हाल ही में सीबीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम घुसा में बिजली विभाग की कार्रवाई को लेकर विवाद हुआ था। अब पकड़े गए 15 लोगों में से केवल 9 उपभोक्ताओं पर ही मुकदमा दर्ज कराने से कई तरह की बातें हो रही हैं। विजिलेंस कार्यालय के बाहर सुबह से ही लोगों का जमावड़ा लगा रहा और कार्रवाई को सेटिंग के जरिए निपटाने की कोशिशें होती रहीं। इससे पहले भी विभागीय टीमों पर ऐसे आरोप लगते रहे हैं।

अधीक्षण अभियंता विद्युत धर्मेंद्र सिंह के निर्देश में गठित टीमों ने अधिशासी अभियंताओं, अवर अभियंताओं और विजिलेंस टीम के साथ अभियान चलाया। छापेमारी के दौरान कटिया डालकर बिजली इस्तेमाल करने वालों में हड़कंप मच गया। विभाग ने दावा किया कि कुल 17 किलोवाट विद्युत भार की चोरी पकड़ी गई है और संबंधित उपभोक्ताओं के खिलाफ विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत एफआईआर दर्ज कराई गई है। अधीक्षण अभियंता विद्युत धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि सुबह से ही 9 उपभोक्ताओं के पकड़े जाने की जानकारी मिली थी। हालांकि, किसी मामले में गड़बड़ी जैसी कोई बात सामने आएगी तो जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी। कहा कि बिजली चोरी किसी हाल में बर्दाश्त नहीं होगी।

### कई इलाकों में बिजली गुल लो वोल्टेज से लोग परेशान

**बरेली, अमृत विचार :** शहर में बिजली व्यवस्था पूरी तरह लड़खड़ाती नजर आ रही है। सिविल लाइंस, हरूनगला, कोहाड़ापीर, रामपुर गार्डन, राजेंद्र नगर, एजाज नगर, दुर्गा नगर, महानगर और शाहदाना समेत कई इलाकों से बिजली आपूर्ति बाधित होने, पोल से सप्लाई खराब होने और लो वोल्टेज की शिकायतें सामने आईं। विद्युत विभाग के कंट्रोल रूम और ऑनलाइन पोर्टल पर सुबह से ही उपभोक्ताओं की शिकायतों की भरमार रही। कई स्थानों पर पूरी कॉलोनी और मोहल्ले अंधेरे में डूबे रहे, जबकि कुछ इलाकों में एक फेस गायब रहने से घरेलू उपकरण बंद पड़े रहे। खुशबू कॉलोनी, पवन विहार, सिविल लाइंस, जनकपुरी और गांधी नगर क्षेत्रों में लो वोल्टेज की समस्या गंभीर बनी रहीं। उपभोक्ताओं का कहना है कि पंखे और कूलर तक ठीक से नहीं चल पा रहे हैं। रामपुर गार्डन स्थित जीवन ज्योति हॉस्पिटल में तीन फेस लाइन में एक फेस न आने से दिक्कत खड़ी हो गई। वहीं एजाज नगर, गोल्डन ग्रीन पार्क, हरूनगला और नत्थूलाल जोगी नवादा में घंटों बिजली गुल रहने से लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। कई शिकायतों में पोल से सप्लाई खराब होने और ट्रांसफार्मर लाइन में फॉल्ट की बात भी सामने आई है। एजाज नगर के पार्षद सादिक अंसारी ने विभागीय अधिकारियों से शिकायत की कि क्षेत्र में मंगलवार दोपहर से एक फेस गायब है, जिससे बड़ी संख्या में उपभोक्ता प्रभावित हैं। वहीं रामगंगा नगर फीडर को नए 33/11 केवी सबस्टेशन से जोड़ने की मांग भी उठी है ताकि ओवरलोडिंग कम हो सके। लगातार बढ़ती शिकायतों के बीच उपभोक्ताओं ने विद्युत विभाग से तत्काल मरम्मत कार्य कर स्थायी समाधान की मांग की है।

## पोस्टपेड होंगे 1.9 लाख मकानों के प्रीपेड मीटर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को बड़ी राहत, अब नहीं कटेगी बिजली

**अमृत विचार :** स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर लंबे समय से चल रहे विवाद के बाद आखिरकार उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) ने आरडीएसएस योजना के तहत लगे सभी स्मार्ट प्रीपेड मीटरों को पोस्टपेड मोड में बदलने का आदेश जारी कर दिया है। इससे बरेली के करीब 1.90 लाख स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को फायदा मिलेगा। अब उपभोक्ताओं की बिजली बैलेंस खत्म होते ही नहीं कटेगी, बल्कि उन्हें सामान्य उपभोक्ताओं की तरह महीने का बिल जारी होगा।

जिले में करीब साढ़े आठ लाख बिजली उपभोक्ताओं में से लगभग 1.70 लाख घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। प्रीपेड व्यवस्था लागू होने के बाद लगातार शिकायतें आ रही थीं। उपभोक्ताओं का आरोप था कि स्मार्ट मीटर तेजी से रीडिंग ले रहे हैं, जिससे बिल अधिक आ रहा है। बैलेंस खत्म होते ही बिजली आपूर्ति बंद हो जाती थी और कई बार सप्लाई बहाल होने में घंटों लग जाते थे। बिजली विभाग के हेल्पडेस्क पर सबसे ज्यादा शिकायतें स्मार्ट मीटर से जुड़ी पहुंच रही थीं।

लगातार बढ़ते विरोध और जनप्रतिनिधियों के दबाव के बाद ऊर्जा मंत्री के निर्देश पर यह फैसला लिया गया। यूपीपीसीएल के निर्देश के अनुसार मई की बिजली खपत का बिल जून में पोस्टपेड तरीके से जारी किया जाएगा। उपभोक्ताओं को बिल एसएमएस और व्हाट्सएप के माध्यम से भेजे जाएंगे। बिल जमा करने के लिए 15 दिन का समय मिलेगा, जबकि घरेलू उपभोक्ताओं को पुराने बकाये को 10 किस्तों में जमा करने की सुविधा भी दी गई है। स्मार्ट मीटर से जुड़ी शिकायतों के निस्तारण के लिए 15 मई से 30 जून तक विशेष कैंप लगाए जाएंगे। बिजली विभाग का कहना है कि नई व्यवस्था से उपभोक्ताओं की परेशानियां कम होंगी और विवाद भी घटेंगे।

# शराब ब्रांड के संगम नाम पर संत-महंत नाराज

कार्यालय संवाददाता बरेली

- महंत सुशील पाठक ने उठाई कंपनी पर कार्रवाई की मांग
- शराब के ब्रांड पर तुरंत रोक लगाने की भी उठी आवाज

**अमृत विचार :** शराब के एक ब्रांड को संगम नाम लिखे जाने से संत-महंत गुस्से में आ गए हैं। बरेली के धर्मगुरु पंडित सुशील पाठक ने डिस्टलरी कंपनी के खिलाफ कार्रवाई के साथ तुरंत ब्रांड पर रोक लगाने की मांग उठाई है।



महंत सुशील पाठक।

सनातन सर्वदेव मंदिर के महंत पंडित सुशील पाठक ने कहा कि त्रिवेणी संगम सनातन धर्म का पवित्र तीर्थ स्थल है। संगम के नाम पर शराब का ब्रांड बिके, इसे किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे पावन नाम का इस्तेमाल शराब जैसे उत्पाद के लिए करना बेहद आपत्तिजनक है। इसके पीछे सोची-समझी साजिश नजर आती है। उन्होंने सरकार से मामले पर संज्ञान लेकर तुरंत कंपनी पर कार्रवाई की मांग की है।

उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर संत एकजुट है। संगम पीठाधीश्वर शांडिल्य महाराज ने भी इस पर कड़ा विरोध दर्ज कराया है, जिसका वे पूर्ण समर्थन करते हैं। यदि कार्रवाई के साथ ब्रांड नाम को वापस नहीं लिया गया तो साधु-संत सड़कों पर उतरकर आंदोलन को मजबूर होंगे।

### नाम से नहीं काम से बदलेगी किस्मत: शहाबुद्दीन



**बरेली, अमृत विचार :** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी ने देवबंद का नाम बदलने की चर्चा पर कहा कि जगह का नाम बदलने से लोगों की किस्मत नहीं बदलती। लोगों की किस्मत बदलने के लिए उस जगह विकास की जरूरत है। मौलाना ने कहा कि देवबंद का नाम बदलकर देववृन्द करने से किसी का भला नहीं होगा। मौलाना ने कहा कि किसी शहर में लोग भूख से मर रहे हों और वहां का नाम बदल दिया जाए तो इस तरह की घटनाएं देश को शर्मिन्दा करने वाली हैं। उन लोगों के मुंह पर जोरदार तमाचा है जो लोग शहरों का नाम बदलने का आंदोलन चला रहे हैं। शहाबुद्दीन ने कहा कि जगह का नाम बदलने से वहां रहने वालों की किस्मत नहीं बदलती, शहर के विकास, रोजगार के अवसरों, बेहतर शिक्षा व स्वास्थ्य व्यवस्था और किसानों को उनकी मेहनत का पूरा फल मिलने से किस्मत चमकती है।

## सिटी ब्रीफ

### लैब कर्मी पर 25 लाख रुपये गबन का आरोप

**बरेली, अमृत विचार :** मिनी बाईपास रोड स्थित त्रिलोक विहार निवासी लैब संचालक पुष्पेंद्र ने बताया कि उनकी लैब में बलिया निवासी राजू यादव को छह अप्रैल 2022 को मार्केटिंग और कलेक्शन के काम के लिए रखा था। शुरुआत में उसने सही तरीके से काम किया, लेकिन बाद में ग्राहकों से मिलने वाली रकम कंपनी के खाते में जमा कराने के बजाय अपने खाते में डलवाने लगा। आरोप है कि राजू यादव कंपनी के करीब 24 लाख रुपये अपने खाते में जमा करा चुका है। इसके अलावा एक लाख रुपये उसने शादी के लिए अलग से लिए थे। पीड़ित की शिकायत पर इज्जतनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### अवैध तमंचों के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**बरेली, अमृत विचार :** इंस्पेक्टर इज्जतनगर सुरेश चंद्र गौतम ने बताया कि गश्त के दौरान पुलिस ने मठ लक्ष्मीपुर क्षेत्र से विष्णु निवासी मठ लक्ष्मीपुर को गिरफ्तार किया। उसके पास से 315 बोर का तमंचा और एक कारतूस बरामद हुआ। दूसरी टीम ने ग्राम करमपुर चौधरी के श्मशान घाट के पास से राजू उर्फ राजेंद्र को तमंचे के साथ गिरफ्तार किया है।

### हथियार के साथ युवक का वीडियो वायरल

**बरेली, अमृत विचार :** बिथरी चैनपुर क्षेत्र के डोरिया गांव में एक युवक द्वारा अवैध तमंचे के साथ वीडियो बनाया गया। यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। अफसरों से शिकायत पर पुलिस ने वीडियो की जांच शुरू कर दी है।

### हत्याकांड में वांछित पर 20 हजार का इनाम

**बरेली,अमृत विचार :** 29 नवंबर 2025 को फरीदपुर के मोहल्ला भूरे खां गौटिया निवासी नन्हे ने रिपोर्ट लिखाई थी कि उसके पुत्र जुनैद को लवी उर्फ लवप्रीत ने दावत के बहाने बुलाया। लवी ने भाई बलवन्त उर्फ अनमोल और दोस्त सनी उर्फ सुखवन्त के साथ मिलकर जुनैद की गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। शव ग्राम हजियापुर के पास नहर पुलिया के नीचे फेंक दिया। पुलिस मामले में लवी और सनी को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। फरार आरोपी बलवन्त की गिरफ्तारी पर एसएसपी अनुराग आर्या ने 20 हजार का इनाम घोषित किया है। जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए हैं।

# फर्जी आईएएस गैंग पर ताबड़तोड़ एक्शन, एक दिन में 9 एफआईआर

## महाठग विप्रा,दीक्षा,शिखा के हाथों ठगे गए बेरोजगार लगातार दे रहे पुलिस में दस्तक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** खुद को आईएएस बताकर ठगी करने वालीं बरेली की तीन बहनें विप्रा, दीक्षा और शिखा के शिकार बने बेरोजगार लगातार पुलिस में दस्तक दे दे रहे हैं। करोड़ों की ठगी में जेल गईं बहनों पर थाना बारादरी पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत पर एक दिन में छह मुकदमे दर्ज किए हैं। इस बार जालसाज विप्रा-दीक्षा शर्मा के पिता वीरेन्द्र शर्मा को भी आरोपी बनाया गया है। तीनों बहनों पर दर्ज केसों की संख्या बढ़कर 13 हो गई है। पुलिस रैकेट से जुड़े लोगों पर गैंगस्टर की कार्रवाई करने की भी तैयारी में जुटी है।

भोजीपुरा के गांव सैदपुर सरौरा निवासी सुरेंद्र पाल ने बताया कि उनकी मुलाकात शिखा पाठक से विश्वविद्यालय में हुई थी। तब शिखा ने उन्हें बताया था की उनकी बहन डॉ विप्रा आईएएस है। वह उसकी लेखपाल, बीडीओ में नौकरी लगवा देगी। इसके लिए 15 लाख रुपये खर्च होगा। बहनों की बातों में आकर सुरेंद्र ने उन्हें 13 लाख 50 हजार रुपये दे दिए। बाकी के रुपये नियुक्ति पत्र आने पर देने थे। जब सुरेंद्र का लेखपाल के पद के लिए नियुक्ति पत्र भी आ गया। जब वह ज्वाइंनिंग करने पहुंचा तो पता चला की उसका नियुक्ति पत्र ही फर्जी निकला। पीड़ित ने अपने रुपये आरोपी बहने उसे धमकाने लगी। जिसके बाद वह चुप हो गया। ठग बहनों ने देवनरिया के अनंनदीपुर निवासी अर्जुन कुमार से सात लाख, शीशगढ़ के रहने वाले अंकित कुमार से सात लाख 50 हजार, बदायू रोड निवासी श्रीराम से डेढ़ लाख रुपये, नेकपुर के हिमांशु पाल से चार लाख, नेकपुर के रहने वाले प्रशांत पाल से पांच लाख रुपये ठग लिए। इनके अलावा जगतपुर पनबड़िया की भावना गुप्ता से डेढ़ लाख, एजाजनगर गौटिया के मो. रफीक से 5.25 लाख, बीसलपुर के मझगंवा के कश्मीर सिंह से 6 लाख रुपये ठग लिए। इन सभी के पास नियुक्ति पत्र आया था। पीड़ितों का कहना है कि जब हमें ठगी का अहसास हुआ तो वह अपने रुपये वापस मांगने गए। इस पर दोनों बहनों ने उन्हें जेल भिजवाने की धमकी दी। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने इस बार विप्रा के पिता वीरेंद्र कुमार शर्मा के खिलाफ भी रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस जल्द ही मामले में गैंगस्टर की कार्रवाई भी करने की तैयारी में लगी है।




- नौकरी के नाम पर पैसे ऐंठकर फर्जी नियुक्ति पत्र भेजे
- भेद खुलने पर देती थी झूठे केस में फंसाने की धमकी

> ठगी रैकेट चलाने वाली तीन बहनों के खिलाफ थाने में लगातार शिकायतें पहुंच रही हैं। बुधवार को कई शिकायतें मिली थी। सभी की रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। यदि और भी पीड़ित सामने आते हैं, तो उनके भी केस दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।
>
> **बिजेंद्र सिंह**, इंस्पेक्टर बारादरी

## फौजी से पूछताछ हत्या में इस्तेमाल गमछा बरामद

**बरेली,अमृत विचार:** सुभाषनगर थाना क्षेत्र के चर्चित गीता यादव हत्याकांड में पुलिस जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, नए-नए खुलासे सामने आ रहे हैं। जेल में बंद आरोपी सुरभि यादव के बाद अब पुलिस ने मृतका के पति फौजी भारत सिंह को रिमांड पर लेकर पूछताछ की है।

भारत सिंह की निशानदेही पर पुलिस ने नेकपुर गन्ना मिल क्षेत्र से हत्या में इस्तेमाल किया गया गमछा बरामद किया है। इंस्पेक्टर सतीश कुमार नैन ने बताया कि 21 अप्रैल को गीता यादव की हत्या हुई थी। अगले दिन 22 अप्रैल को सचिन कुमार की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था। जांच में सामने आया है कि भारत सिंह और सुरभि यादव के बीच पांच वर्षों से प्रेम संबंध थे। भारत सिंह हर महीने सुरभि को 12 से 15 हजार रुपये भेजता था और नोएडा में उसके लिए किराए पर कमरा भी ले रखा था। दोनों गीता को बाधा मानते थे, जिसके चलते सुनियोजित तरीके से उसकी जान ले ली गई।


आरोपी फौजी।

## मौलाना तौसीफ का ट्रेन से जुड़ा फुटेज आया सामने


जीआरपी का दावा है कि फुटेज में मौलाना दोनों हाथ से बोगी का गेट पकड़े दिखे।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- तीन बार टीम ने किया घटनास्थल का निरीक्षण
- शुरुआती जांच में हत्या से नहीं जुड़ रहीं कड़ियां

**अमृत विचार :** उर्स से लौटते समय अनहोनी का शिकार हुए बिहार के मौलाना तौसीफ की मौत की गुत्थी में रेलवे पुलिस भी उलझी नजर आ रही है। हत्या और हादसे के एंगिल पर काम करते हुए जीआरपी ने तीन बाहर मौके का निरीक्षण किया है। सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले गए हैं। दावा किया जा रहा है कि फुटेज में मौलाना दोनों हाथ से बोगी का गेट पकड़े नजर आए हैं। जीआरपी की प्राथमिक जांच में अभी तक हत्या के मामले कड़ियां जुड़ती नजर नहीं आ रहीं।

किशनगंज, बिहार के रहने वाले मौलाना तौसीफ का शव रेलवे लाइन किनारे पड़ा मिला था। पत्नी ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

### सामान्य श्रेणी का लिया टिकट, स्लीपर में चढ़े

जीआरपी थाना प्रभारी एसके वर्मा ने बताया कि मौलाना तौसीफ ने सामान्य श्रेणी का टिकट लिए थे। सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए तो पाया गया कि मौलाना सामान्य श्रेणी के टिकट पर स्लीपर कोच में चढ़े थे। भीड़ अधिक होने के कारण वह दोनों हाथ से गेट पकड़े हुए थे और अंदर नहीं जा पा रहे थे। ऐसे में आशंका है कि मौलाना की ट्रेन से गिरने के कारण मौत हुई हो। हालांकि, सभी पहलुओं पर गहराई से छानबीन की जा रही है।

## एसटीएफ -पुलिस के छापे में तीन अफीम तस्कर गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** सुभाषनगर पुलिस और एसटीएफ ने तीन अफीम तस्करों को गिरफ्तार किया है। 1 किलो 428 ग्राम अफीम और कैश बरामद हुआ है

मंगलवार रात संयुक्त टीम ने सटीक सूचना पर धरपकड़ की। इस कार्रवाई में गांव भूड़ा थाना भमौरा निवासी लालाराम वर्मा के पास से 506 ग्राम, तौफीक खां के कब्जे से 412 ग्राम और प्रेमराजपुर निवासी राकेश के पास से 510 ग्राम और अफीम बरामद हुई। तस्करों के से पास से मिली अफीम की अंतरराष्ट्रीय कीमत लाखों में बताई गई है। आरोपियों ने बताया कि वे उत्तर प्रदेश, दिल्ली, उत्तराखंड, पंजाब और हरियाणा में अवैध अफीम की सप्लाई करते थे। इस खेप को पंजाब के लुधियाना में बेचने ले जाया जा रहा था।

### लखनऊ पुलिस ने बरेली से जालसाज दबोचा

**लखनऊ/बरेली, अमृत विचार :** चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी मेरठ/श्रीराम आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल की बीएएमएस-बीयूएमएस के फर्जी अंकपत्र से चिकित्सक का पंजीकरण कराने का प्रयास करने वाल जालसाज को हजरतगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बरेली में हार्टमैन तिराहा आनन्द विहार कालोनी निवासी राजेश गुप्ता तीन साल से पुलिस को चकमा दे रहा था। सटीक सूचना पर टीम ने उसे बरेली से दबोच लिया। लखनऊ में उसे जेल भेज दिया गया।

## प्रेमनगर में युवक ने फंदा लगाकर दी जान

**बरेली, अमृत विचार:** प्रेमनगर थाना क्षेत्र के नैनीताल रोड स्थित कोहड़ापीर छोटे पुल के नीचे रहने वाले युवक ने गुरुवार को घर की छत पर फंदा लगाकर जान दे दी। पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गुरुवार की दोपहर मुख्तियार अहमद उर्फ डंप्पी के पुत्र मोबीन अहमद का शव घर की छत पर दुपट्टे से लटका मिला। बताया गया कि उसका नौ वर्षीय चचेरा भाई पतंग उड़ाने के लिए छत पर गया तो उसने मोबीन को फंदे पर लटका देखा। घबराकर नीचे आकर परिजनों को सूचना दी तो कोहराम मच गया। सूचना पर प्रेमनगर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की और पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के मुताबिक मोबीन नशे की लत से परेशान था। हालांकि मौत के सही कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हो सकेगी।

## होमगार्ड से विवाद में डीयू का छात्र गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता बरेली

- युवक का एटीएम पर महिला से विवाद, फिर गार्ड से भिड़ंत
- होमगार्ड ने असलहा छीनने की कोशिश की रिपोर्ट लिखाई

**अमृत विचार :** प्रेमनगर में दिल्ली यूनिवर्सिटी के एक छात्र को एटीएम से पैसे निकालते समय पहले महिला और फिर होमगार्ड से झगड़ा करना महंगा पड़ा। होमगार्ड ने मारपीट और सरकारी असलहा छीनने की कोशिश का आरोप लगाते हुए थाने में रिपोर्ट लिखा दी। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी छात्र को गिरफ्तार कर लिया। थाने में उसने माफी भी मांगी मगर कानून ने अपना काम कर दिया।

पुलिस के अनुसार, गुरुवार दोपहर थाना प्रेमनगर क्षेत्र में रहने वाला शिवाय नामक छात्र पेसे निकालने एटीएम पर पहुंचा था। वहां स्कूटी खड़ी करने को लेकर उसकी एक महिला से कहासुनी हो गई। प्रेमनगर थाने में तैनात होमगार्ड सीताराम भी वहां पहुंच था। होमगार्ड ने समझा-बुढाकर छात्र और महिला के बीच विवाद निपटाने की कोशिश की।

इसके बाद महिला वहां से चली गई। छात्र एटीएम में गया मगर तकनीकी दिक्कत से पैसे नहीं निकले। इससे वह और ज्यादा गुस्से में आ गया और बाहर आकर होमगार्ड से भिड़ गया। हाथापाई कर दी। होमगार्ड ने बाद में थाने जाकर आरोपी छात्र के खिलाफ कथित रूप से गाली-गलौज, मारपीट, सरकारी असलहा छीनने की कोशिश का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट लिखा दी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी छात्र को गिरफ्तार कर लिया। हवालात से बाहर निकलते समय छात्र माफी मांगता नजर आया। पूछताछ में पता लगा कि आरोपी डीयू से ग्रेजुएशन की पढ़ाई कर रहा है। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। सीओ आशुतोष शिवम ने बताया कि कानून हाथ में लेने पर आरोपी युवक पर कार्रवाई की गई है।

### बिथरी इलाके में होमगार्डों पर हमला, दो आरोपी बंदी

**बिथरी चैनपुर, अमृत विचार :** पुलिस ने होमगार्डों से मारपीट करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मंगलवार दोपहर को दो युवक बाइक से नवदिया झादे पर निर्माणाधीन पुल के पास गलत दिशा में आ रहे थे। चौराहे पर तैनात होमगार्ड तुलसीराम व पंकज ने युवकों की बाइक रोककर सही दिशा से जाने को कहा। लेकिन युवक होमगार्ड से अभद्रता करने लगे कि वे बाइक उल्टी दिशा से ही लेकर जाएंगे। आरोप है कि युवक होमगार्ड पंकज गंगवार व तुलसीराम के साथ गालीगलौज कर मारपीट करने लगे। आरोपियों ने होमगार्डों की वर्दी फाड़ दी। राहगीरों के आने पर युवक भाग गए। बुधवार को पुलिस को सूचना मिली कि होमगार्डों के साथ मारपीट करने वाले दोनों युवक भागने की फिराक में सुंदरपुर गांव को जाने वाले रास्ते के मोड़ के पास खड़े हैं। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में दोनों ने अपना नाम तौहीद व आमिर निवासी मोहल्ला हाईडिल पुलिया फरीदपुर बताया। पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया।



## डीआईजी सख्त, जिमों पर रहेगा खाकी पहरा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- डीआईजी अजय साहनी बरेली की घटना पर गंभीर, सभी जिलों में मुहिम शुरू करने के दिए निर्देश
- पुलिस हर एक जिम व फिटनेस सेंटरों को करेगी चेक, सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम होंगे जरूरी

**अमृत विचार:** सिविल लाइंस स्थित एक एक जिम में महिला डॉक्टर को नशीला पदार्थ देकर रेप करने और अश्लील वीडियो बनाकर 50 लाख रुपये मांगने की घटना को डीआईजी अजय साहनी ने बेहद गंभीरता से लिया है। उन्होंने रेंज के जिलों में विशेष अभियान चलाकर जिम और फिटनेस सेंटरों की जांच के निर्देश दिए हैं। इसे लेकर बरेली, बदायूं, पीलीभीत व शाहजहांपुर के कप्तानों से पांच दिन में रिपोर्ट भी मांगी है।


अजय साहनी, डीआईजी

डीआईजी ने कहा कि जिम में आने वाली महिलाओं को सुरक्षित वातावरण मिलना चाहिए। इसके लिए पुलिस और जिम संचालकों की संयुक्त जिम्मेदारी तय की गई है। अभियान में पुलिस टीमें जिमों का निरीक्षण कर सुरक्षा मानकों का सत्यापन करेगी। डीआईजी ने निर्देश दिए कि सभी जिम और फिटनेस सेंटरों में सीसीटीवी कैमरे, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, महिला चेंजिंग रूम हों। साथ ही महिलाओं के लिए महिला ट्रेनर और महिला स्टाफ की व्यवस्था होनी चाहिए। जिम में इस्तेमाल होने वाले प्रोटीन पाउडर, स्टेरॉयड और अन्य सप्लीमेंट की भी जांच कराई जाए, ताकि किसी प्रकार की अवैध गतिविधि न हो। बिना अनुमति फोटो या वीडियो बनाने तथा महिलाओं के साथ अभद्रता या छेड़छाड़ की घटनाओं को लेकर भी सख्ती बरतने को कहा।

संवेदनशील जिम और फिटनेस सेंटरों के आसपास एंटी रोमियो स्क्वॉड मुस्तैद रहेंगे। पुलिस नियमित गश्त व चेकिंग करेगी।

### जिम के संचालक बेग बंधुओं पर लगेगा गैंगस्टर

**बरेली, अमृत विचार :** सिविल लाइंस स्थित अल्टीमेट फिटनेस जिम में महिला डॉक्टर से दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग के मामले में गिरफ्तार अकरम बेग और उसके भाई आलम बेग पर पुलिस गैंगस्टर लगाने की तैयारी में जुटी है। जांच में सामने आया है कि जिम में करीब 80 हाई प्रोफाइल महिलाएं वर्कआउट के लिए आती थीं, लेकिन वहां एक भी महिला ट्रेनर नहीं थी। सेपरेट रूम में गुप्त सीसीटीवी लगाए गए थे। अकरम महिलाओं को वर्कआउट के दौरान नशीला पेय पिलाकर बेहोश कर गलत काम करता था। रिकॉर्डिंग कर महिलाओं को ब्लैकमेल किया जाता था। अकरम की दो बेटियां हैं, जबकि आलम के एक बेटा और एक बेटी है। दोनों आरोपियों की पत्नियां पीएचडी कर रही हैं। आलम की पत्नी शाहजहांपुर के एक डिग्री कॉलेज में अध्यापन भी कर चुकी है। एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया कि जिम संचालक के बारे में और भी जानकारी जुटाई जा रही है। आरोपी पहले ही जेल भेजे जा चुके हैं।



## डेढ़ घंटे कुएं में पड़ा रहा छह साल का लविश

संवाददाता, बरेली/भुता

- काफी देर बाद हो सकी अनहोनी की जानकारी
- स्कूल प्रबंधन पर सुरक्षा में लापरवाही के आरोप

**अमृत विचार :** अदीनापुर के आत्मानंद विद्या मंदिर स्कूल के छात्र लविश की मौत ने पूरे इलाके को झकझोर दिया है। लोग बच्चों की सुरक्षा को लेकर सवाल उठा रहे हैं।

गांववालों का कहना है कि बच्चा करीब डेढ़ घंटा कुएं में पड़ा रहा। पता होने पर पुलिस व गांववालों ने लविश को निकाला, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। तुरंत पता लग जाता तो उसे बचाया जा सकता था। पुलिस व फोरेंसिक टीम ने घरवालों के बयान दर्ज किए। छात्र का शव पोस्टमॉर्टम को भेजा गया। घरवालों का आरोप है कि स्कूल वालों की लापरवाही से बेटे की जान गई। वहीं, स्कूल के प्रधानाचार्य चिरौंजी लाल गंगवार ने सफाई दी है कि छात्र को बचाने के लिए वह खुद भी कुएं में उतर गए थे लेकिन गहराई ज्यादा होने की वजह से दिक्कत आई।


भुता क्षेत्र के अदीनापुर गांव में बच्चे के कुएं में गिरने की सूचना पर पहुंची पुलिस।

### बच्चे कहीं घूमें, स्कूल स्टाफ को नहीं फिक्र

गांववालों का कहना है कि स्कूल के बच्चे इंटरवल में मैदान में कहीं भी घूमते रहते हैं मगर स्टाफ उनकी निगरानी नहीं करता। देखरेख की जाती होती तो नन्हे लविश की जान नहीं गई होती। बेटे की मौत से पिता टिंकू और मां राखी देवी होशो हवाश खो बैठे हैं। गांववालों ने बच्चों की सुरक्षा में लापरवाही की बात कही है। लोगों का कहना है कि स्कूल के बाहर खुले मैदान में बिना सुरक्षा घेरे के बना कुआं स्थित है। चारों ओर दीवार या जाली होती तो अनहोनी न होती। रात तक परिवार ने तहरीर नहीं दी थी। इंस्पेक्टर भुता रविन्द्र कुमार ने बताया कि पैर फिसलने बच्चे के कुएं में गिर जाने की आशंका है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण साफ होगा।

## जिला अस्पताल में महिला से छेड़खानी

कार्यालय संवाददाता बरेली

- पर्चा लाइन में खड़ी महिला ने लगाया युवक पर आरोप
- भीड़ ने आरोपी को पकड़कर किया पुलिस के हवाले

**अमृत विचार:** जिला अस्पताल में गुरुवार को उस समय हंगामा हो गया, जब पर्चा काउंटर पर लाइन में खड़ी एक महिला ने युवक पर छेड़खानी का आरोप लगाया। महिला के शोर मचाते ही मौके पर मौजूद लोग भड़क गए और आरोपी युवक को पकड़ने के लिए दौड़ पड़े। भीड़ बढ़ती देख युवक वहां से भागने लगा, लेकिन लोगों ने उसे कुछ दूरी पर पकड़ लिया और जमकर पिटाई कर दी।

घटना की सूचना मिलते ही अस्पताल के सिक्योरिटी गार्ड मौके पर पहुंचे। गार्डों ने किसी तरह युवक को भीड़ से छुड़ाया और स्थिति को शांत कराया। बाद में आरोपी युवक को पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पूछताछ में युवक ने खुद को चौपुला क्षेत्र का निवासी बताया। उसने कहा कि वह जिला अस्पताल इलाज कराने आया था। अस्पताल परिसर में हुई इस घटना से कुछ देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

## गैस चोरी करने वालों की कोर्ट से जमानत खारिज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- अब सत्र न्यायालय में 14 मई को होगी अगली सुनवाई

**अमृत विचार:** सीयूजीएल कंपनी की पाइप्ड नेचुरल गैस ( पीएनजी) चोरी के मामले में गिरफ्तार आरोपियों को फिलहाल न्यायालय से कोई राहत नहीं मिली है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय ने मंगलवार को आरोपियों की जमानत याचिका खारिज कर दी। इसके बाद सभी आरोपियों ने जिला एवं सत्र न्यायालय में अपील दाखिल की है, जिस पर अब 14 मई 2026 को सुनवाई होगी।

थाना इज्जतनगर पुलिस ने 3 मई 2026 को सीयूजीएल कंपनी की तहरीर पर कार्रवाई करते हुए सफररुद्दीन, मुस्तफा और अनुज सक्सेना को गिरफ्तार किया था। आरोपी पाइप्ड गैस मीटर को बायपास कर अवैध रूप से गैस चोरी कर रहे थे। यह कार्य अत्यंत जोखिमपूर्ण तरीके से किया जा रहा था, जिससे आसपास रहने वाले लोगों की जान-माल को भी गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता था। जांच में यह भी सामने आया कि इस पूरे खेल में कंपनी के ठेकेदार द्वारा नियुक्त बिलिंग विभाग का एक कर्मचारी भी शामिल था, जिसने तकनीकी जानकारी का दुरुपयोग कर गैस चोरी में सहयोग किया। सीजेएम न्यायालय ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जमानत अर्जी निरस्त कर दी। इसके बाद आरोपियों ने जिला एवं सत्र न्यायालय की शरण ली है। अब मामले की अगली सुनवाई 14 मई को होगी।

ऐसे में आरोपियों को गिरफ्तारी की तारीख से लेकर सुनवाई तक लगभग 12 दिन जेल में बिताने पड़ेंगे।

## रोडवेज वर्कशॉप की दीवार निर्माण पर हंगामा


कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** रोडवेज वर्कशॉप की दीवार बुधवार को गिर गई थी। गुरुवार को परिवहन निगम की तरफ से दीवार का निर्माण शुरु कराया गया। लोगों ने नगर निगम की जमीन बताकर निर्माण कार्य रुकवा दिया। मौके पर काफी देर तक हंगामा होता रहा। उसके बाद नगर निगम की टीम और बारादरी पुलिसपहुंची। लेकिन देर शाम तक निर्माण काम शुरु नहीं हो सका।

सेटेलाइट बस अड्डा से लगा हुआ बरेली, रुहेलखंड डिपो और रीजनल वर्कशॉप हैं। वर्कशॉप की बाहरी दीवारें काफी जर्जर हो चुकी हैं।

सिंधुनगर के सामने मंदिर से सटी आठ मीटर की दीवार बुधवार सुबह गिर गई। मलबे की चपेट में आकर एक कार और बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। रिक्शा चालक छोटेलाल घायल हो गया था। गुरुवार की सुबह परिवहन निगम की तरफ से दीवार का पुनःनिर्माण शुरू कराया गया। लोगों ने नगर निगम की जमीन परनिर्माण बताकर काम रुकवा दिया।


इसके बाद बारादरी पुलिस और नगर निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। इसके बाद भी काम शुरू नहीं हो सका। टीन शेड से दीवार बना दी गई। एआरएम अरुण कुमार वाजपेई ने बताया कि शुक्रवार को अधिकारियों की मौजूदगी में समाधान कराया जाएगा।


टूटी पड़ी रोडवेज वर्कशॉप की दीवार।

- नगर निगम की टीम और बारादरी पुलिस मौके पर पहुंची
- स्थानीय लोगों ने नगर निगम की जमीन बताकर निर्माण रोका

### कर्मचारियों के जर्जर आवास कराए जा रहे खाली

**बरेली, अमृत विचार :** सेटेलाइट बस अड्डे के पीछे बने रोडवेज कर्मचारियों के आवास भी काफी जर्जर स्थिति में है जिसे अब खाली कराने का काम शुरु कर दिया गया है। अधिकारियों के अनुसार सेटेलाइट बस अड्डे को अब शासन की योजना के तहत पीपीई मॉडल के तहत विकसित किया जाएगा। इसके चलते एक माह पहले ही कर्मचारियों को नोटिस देकर आवास खाली कराने को कहा गया था। मौजूदा समय में सरकारी आवास में चार से पांच ही परिवार ही रह रहे हैं। उनसे जल्द आवास खाली कराने को कहा गया है।



### दीवार गिरने पर भाजपा पार्षद ने उठाए सवाल

**बरेली, अमृत विचार :** रोडवेज वर्कशॉप की दीवार गिरने के मामले में भाजपा पार्षद एवं पूर्व उपसभापति छंगामल मौर्य ने नगर आयुक्त को ज्ञापन देकर जांच और कार्रवाई की मांग की है। कहा कि दीवार गिरने से बड़ा हादसा भी हो सकता था। ज्ञापन में नगर निगम से मांग की गई है कि संबंधित भूमि की पैमाइश कराई जाए। यदि दीवार नगर निगम की भूमि पर पाई जाती है तो रोडवेज प्रशासन को अपनी सीमा में बाउंड्री निर्माण कराया जाए।

## सिटी ब्रीफ

### बार संस्थापक सदस्य की मृत्यु पर दिया जाएगा एक लाख मुआवजा

विधि संवाददाता, बरेली : एडवोकेट बार एसोसिएशन ने किसी भी संस्थापक सदस्य की मृत्यु होने पर एसोसिएशन की ओर से 1 लाख रुपये सहयोग राशि प्रदान करने का निर्णय लिया है। अध्यक्ष अनिल द्विवेदी व सचिव गौरव सिंह राठौर ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य अधिवक्ता परिवारों के प्रति संवेदना, सहयोग व सामाजिक उत्तरदायित्व को मजबूत करना है ताकि कठिन समय में साथी के परिवार को आर्थिक सहयोग मिल सके। नवगठित एसोसिएशन में तकरीबन 350 संस्थापक सदस्य हैं।

### वकीलों का धरना जारी

विधि संवाददाता, बरेली : बरेली बार एसोसिएशन को बार काउंसिल उत्तर प्रदेश से सम्बद्ध करने की मांग को लेकर अधिवक्ताओं का सांकेतिक धरना तीसरे दिन बुधवार को भी जारी रहा। अंतरिक्ष सक्सेना एडवोकेट ने बताया कि न्यायालय के पश्चिमी द्वार के सामने धरने पर बैठे और हस्ताक्षर अभियान जारी रखा। 8 मई तक रोजाना 1.30 से 2.30 बजे तक सांकेतिक धरना जारी है।

# उद्योगों की सुरक्षा को पूरे हों अग्निसुरक्षा मानक

## आईआईए और अग्निशमन विभाग की औद्योगिक सुरक्षा एवं फायर एनओसी को लेकर बैठक में चर्चा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) बरेली चैप्टर और अग्निशमन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को स्टेडियम रोड स्थित एक होटल में औद्योगिक सुरक्षा एवं फायर एनओसी को लेकर बैठक आयोजित की गई।

चैप्टर चेयरमैन मयूर धीरवानी ने उद्योगों में सुरक्षा मानकों को आवश्यक बताते हुए उद्यमियों से अग्नि सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की। मुख्य अग्निशमन अधिकारी मनु शर्मा ने उद्यमियों को फायर एनओसी लेने की प्रक्रिया और जरूरी दस्तावेजों और विभागीय दिशा-निर्देशों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि औद्योगिक इकाइयों को विभिन्न श्रेणियों और जोनों में वर्गीकृत किया गया है, जिससे सुरक्षा मानकों का प्रभावी पालन कराया जा सके। उन्होंने कहा कि पहले फायर



बैठक में उद्यमी और अग्निशमन विभाग के अधिकारी। ● अमृत विचार

● **सीएफओ ने कहा, फायर एनओसी प्रक्रिया हुई पहले से काफी सरल**

एनओसी लेने में करीब आठ से दस लाख रुपये तक का खर्च आता था, लेकिन अब प्रक्रियाओं को सरल और पारदर्शी बनाए जाने से यह लागत घटकर चार से पांच लाख रुपये रह गई है। उन्होंने उद्यमियों से जल्द से जल्द फायर एनओसी प्राप्त करने की अपील करते हुए कहा कि इससे भविष्य में प्रशासनिक और कानूनी परेशानियों से बचा जा सकेगा। उन्होंने कहा कि औद्योगिक इकाइयों में नियमित फायर सेफ्टी ऑडिट, अग्निशमन उपकरणों की जांच और कर्मचारियों का प्रशिक्षण बेहद जरूरी है। इससे किसी भी आपात स्थिति में जन-धन की हानि को कम किया जा सकता है। प्रश्नोत्तर सत्र में उन्होंने पुराने उद्योगों से जुड़े सवालों के जवाब देते हुए बताया कि पुराने उद्योगों के लिए भी विभाग ने सरलीकृत प्रावधान लागू किए हैं, जिनके तहत निर्धारित मानकों को पूरा कर आसानी से फायर एनओसी प्राप्त की जा सकती है।संचालन कोषाध्यक्ष आशीष गुप्ता ने किया। बैठक में बड़ी संख्या में उद्यमी मौजूद रहे।


फायर सेफ्टी वर्कशॉप में डॉक्टर्स व अग्निशमन अधिकारी। ● अमृत विचार

### आईएमए में फायर सेफ्टी वर्कशॉप का आयोजन


**बरेली, अमृत विचार :** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन शाखा द्वारा आईएमए भवन में फायर सेफ्टी वर्कशॉप का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य अस्पतालों, क्लीनिकों एवं नर्सिंग होम्स में अग्नि सुरक्षा मानकों एवं फायर सेफ्टी एनओसी संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देशों के प्रति चिकित्सकों को जागरूक करना था। फायर विभाग की ओर से मुख्य अग्निशमन अधिकारी मनु शर्मा एवं फायर सेफ्टी ऑफिसर राजीव कुमार यादवने चिकित्सकों को फायर सेफ्टी नियमों, आपातकालीन परिस्थितियों में सुरक्षा उपायों तथा अस्पतालों में आवश्यक अग्निशमन व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी। आईएमए अध्यक्ष डॉ. अतुल श्रीवास्तव, मानद सचिव डॉ. अंशु अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष डॉ. शालिनी माहेश्वरी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में डॉ. नीरव कोरेवाल, डॉ. अजय गुप्ता, डॉ. महेन्द्र गंगवार, डॉ. मनीष गोयल, डॉ. पवन गोयल, डॉ. प्रीति वैष, डॉ. अजय वैष, डॉ. कामेन्द्र सिंह सहित अनेक चिकित्सक भी शामिल रहे।

# नीलम को सेल्यूट, दिव्यांगता पर भारी बिटिया का हौसला

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** अगर हौसले बुलंद हों तो असंभव भी संभव नजर आने लगता है। मजबूत इरादे इंसान को हर चुनौती से लड़ने की ताकत देते हैं। कुछ ऐसा ही जज्बा बरेली कॉलेज में बीएससी छठें सेमेस्टर की परीक्षा दे रही दिव्यांग छात्रा नीलम मौर्य में देखने को मिला। शारीरिक चुनौतियों के बावजूद नीलम ने हार नहीं मानी और हाथों की मदद से परीक्षा लिखकर सभी को प्रेरित कर दिया।

गुरुवार को परीक्षा केंद्र में नीलम मौर्य पूरी तैयारी और आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देने पहुंची। सामान्य विद्यार्थियों की तरह उन्होंने अपनी सीट पर बैठकर उत्तर पुस्तिका में उत्तर लिखे। परीक्षा कक्ष में मौजूद शिक्षक और छात्र नीलम के संघर्ष और हौसले को देखकर भावुक हो उठे। हर कोई उनके जज्बे की सराहना करता नजर आया। नीलम का कहना है कि जिंदगी में


परीक्षा देती नीलम मौर्य।

कठिनाइयां जरूर आती हैं। लेकिन अगर मन में कुछ कर गुजरने की इच्छा हो तो कोई भी बाधा रास्ता नहीं रोक सकती। उन्होंने अपनी मेहनत और आत्मविश्वास के दम पर यह साबित कर दिया कि शारीरिक कमजोरी सफलता के रास्ते में रुकावट नहीं बन सकती। बरेली कॉलेज में नीलम मौर्य का यह संघर्ष अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बन गया। उनका बुलंद हौसला यह संदेश देता है कि मजबूत इरादों के आगे मुश्किलें भी घुटने टेक देती हैं।

# हिंदू-मुस्लिम एकता और सौहार्द को मजबूत कर रही सपा: नसीमुद्दीन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता पूर्व कैबिनेट मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर वह जिलों में जाकर पीडीए को मजबूत करने का काम कर रहे हैं। अब तक वह 39 जिलों का दौरा कर लोगों से सीधे संवाद स्थापित पार्टी के प्रति समर्थन जुटा रहे हैं। कहा कि जनता अब बदलाव चाहती है और सपा की नीतियों को समर्थन मिल रहा है।

समाजवादी पार्टी कार्यालय पर प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी देश में हिंदू-मुस्लिम एकता और सामाजिक सौहार्द को मजबूत करने का काम कर रही है। प्रेस वार्ता


प्रेसवार्ता करते नसीमुद्दीन सिद्दीकी, साथ में सुभलेश यादव, शमीम खां सुल्तानी।

● **सपा कार्यालय में पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने की प्रेसवार्ता**

के दौरान जिलाध्यक्ष शुभलेश यादव, महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी, विधायक शहजिल इस्लाम, पूर्व महानगर अध्यक्ष कदीर अहमद, इंजीनियर अनीस खां, पूर्व विधायक सुल्तान बेग, पूर्व महापौर सुप्रिया ऐरन, राजेश अग्रवाल, डॉ. जीराज यादव, मो. दानिस अख्तर, सुरेंद्र सोनकर, अशोक यादव, बृजेश श्रीवास्तव, राजकुमार पाल, सुरेंद्र मिश्रा, शाजिद खां, हरिओम प्रजापति, जोगेंद्र सिंह पटेल, जमुना प्रसाद मौर्य, राकेश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विद्युत सुरक्षा सप्ताह के तहत किया जागरूक

**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर रेलवे के मुरादाबाद मंडल में 1 मई से 7 मई तक 'विद्युत सुरक्षा सप्ताह'मनाया गया।

मंडल रेल प्रबंधक विनीता श्रीवास्तव के निर्देश पर वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य) जन्मेजय उपाध्याय के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान के दौरान मंडल के सभी स्टेशनों पर व्यापक जागरूकता कार्यक्रम चलाए गए। विद्युत विभाग की ओर से विभिन्न स्टेशनों पर विद्युत सुरक्षा से संबंधित पोस्टर और जागरूकता सामग्री लगाई गई। विद्युत सुपरवाइजरों ने कर्मचारियों को विद्युत कार्यों के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों की विस्तार से जानकारी दी। कर्मचारियों को सेफ्टी शूज, सेफ्टी बेल्ट, सेफ्टी हेलमेट व अर्थिंग रॉड जैसे सुरक्षा उपकरणों के अनिवार्य उपयोग के बारे में बताया गया।

# किसान परेशान, नहीं हो रहा समस्याओं का समाधान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने किसानों और आम नागरिकों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की है। पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा सौंपा। ज्ञापन में प्रशासनिक कार्यप्रणाली, शहरों में अतिक्रमण, आवारा पशुओं से फसलों को नुकसान, जलभराव, गन्ना भुगतान और आम उत्पादकों की समस्याओं सहित कई मुद्दे उठाए।

भाकियू नेताओं ने कहा कि अधिकारियों के कार्यालयों में फरियादियों को काफी दूरी पर बैठाया जाता है, जिससे बुजुर्ग और बीमार लोग अपनी बात ठीक से नहीं रख पाते। ज्ञापन और प्रार्थना पत्र संबंधित विभागों को भेज


सिटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा को ज्ञापन देते किसान नेता। ● अमृत विचार

दिए जाते हैं, लेकिन महीनों तक समाधान नहीं होता। शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण हो और फरियादी को कार्रवाई की जानकारी भी दी जाए। ज्ञापन में बरेली महानगर की सड़कों और फुटपाथों पर अतिक्रमण का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। शाहजहांपुर रोड, पीलीभीत रोड, बदायूं रोड और दिल्ली रोड पर चारपहिया वाहन, टेंपो, खोखे और निर्माण सामग्री के अतिक्रमण से आए दिन जाम और दुर्घटनाएं होने की बात कही गई।

भाकियू ने स्कूल-कॉलेजों के आसपास खड़े वाहनों पर रोक लगाने की मांग करते हुए कहा कि इससे छात्राओं को असुरक्षा का सामना करना पड़ता है। कहा कि

● **भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने सिटी मजिस्ट्रेट को दिया ज्ञापन**

● **अधिकारियों की कार्यप्रणाली अतिक्रमण, पशुओं का मुद्दा उठाया**

करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद नालों की सफाई नहीं हो रही। किसानों ने पशुओं, बंदरों, वनरोज और जंगली सूअरों से फसलों और आम के बागों को हो रहे नुकसान पर चिंता जताई। जंगली सूअरों के नियंत्रण के लिए शूटिंग परमिट जारी करेन की मांग की। भाकियू ने कहा कि आम की खेती में किसानों को भारी लागत आती है, लेकिन मंडियों में उचित दाम नहीं मिल पाता। सरकार से आम का समर्थन मूल्य 80 रुपये प्रति किलो तय कर खरीद और निर्यात की व्यवस्था की मांग की गई। साथ ही बागों और फसलों का बीमा कर प्राकृतिक आपदा में 100 प्रतिशत मुआवजा देने की भी मांग उठाई।

# तीन हजार यात्रियों के मोबाइल में डाउनलोड किया रेल वन एप, नहीं लगना होगा लाइन में

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** सामान्य श्रेणी का टिकट लेने के लिए घंटों लाइन में लगने वाले यात्रियों को अब लाइन में नहीं लगना होगा। इसके लिए रेलवे प्रशासन ने गुरुवार को जंक्शन पर स्टॉल लगा कर तीन हजार यात्रियों के मोबाइल फोन में रेल वन एप डाउनलोड किया। इसके जरिए यात्री मोबाइल फोन से ही सामान्य टिकट बुक कर सकते हैं।

सीईएमआई मोहम्मद इमरान ने बताया कि एप के जरिए टिकट लेने वाले यात्रियों को तीन प्रतिशत तक की छूट भी दी जा रही है। इससे यात्रियों का समय बचेगा और टिकट काउंटरों पर भीड़ कम होगी। त्योहार और छुट्टियों के दौरान बढ़ने


जंक्शन पर यात्रियों के मोबाइल में एप डाउनलोड करते रेलकर्मी। ● अमृत विचार

● **जंक्शन पर स्टॉल लगा कर यात्रियों को किया जागरूक**

वाली लंबी कतारों से राहत दिलाने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। रेल वन एप केवल टिकट बुकिंग तक सीमित नहीं है।

यात्री इसके जरिए ट्रेन में भोजन ऑर्डर करने, माल बुकिंग समेत अन्य रेलवे सेवाओं का लाभ भी ले सकेंगे। अधिकारियों का कहना है कि डिजिटल सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए यात्रियों को लगातार जागरूक किया जा रहा है। रेलवे प्रशासन का मानना है कि आने वाले समय में अधिकतर यात्री मोबाइल एप के जरिए ही टिकट बुक करेंगे, जिससे स्टेशन पर व्यवस्था और बेहतर होगी।

### पहली भारत गौरव ट्रेन 12 जून को रवाना होगी

**बरेली, अमृत विचार :** भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेनों से श्रद्धालु सात ज्योतिर्लिंगों और दक्षिण भारत के प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन कर सकेंगे। दोनों ट्रेनों का ठहराव शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन पर भी होगा। सीएमआई मोहम्मद इमरान ने बताया कि पहली ट्रेन 12 जून को ऋषिकेश से रवाना होगी। 11 रात और 12 दिन के इस टूर में श्रद्धालुओं को उज्जैन स्थित महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकारेश्वर, द्वारकाधीश मंदिर, भेंट द्वारिका, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग और सोमनाथ मंदिर के दर्शन कराए जाएंगे। 29 जून से दूसरी ट्रेन से तिरुपति बालाजी, रामेश्वरम स्थित रामनाथ स्वामी मंदिर, मीनाक्षी मंदिर, कन्याकुमारी और मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग के दर्शन कराए जाएंगे।

# परीक्षा के दौरान बरेली कॉलेज में घुसे बाहरी युवक

**बरेली,अमृत विचार:** बरेली कॉलेज में इन दिनों विश्वविद्यालय की सेमेस्टर परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं। गुरुवार को द्वितीय पाली की परीक्षा की एंट्री हो रही थी। इसी दौरान सुरक्षाकर्मी को चकमा देकर चार बाहरी युवक कॉलेज के अंदर तक पहुंच गए।

चीफ प्रॉक्टर प्रो. इंद्रीवर सिंह चौहान ने उनको पकड़ कर फटकार लगाकर कॉलेज से बाहर कर दिया। पूर्वी गेट पर सुरक्षाकर्मियों को फटकार लगाते हुए आगे से किसी को भी बिना आईकार्ड के कॉलेज में प्रवेश नहीं करने देने की हिदायत दी। कहा कि परीक्षा अवधि में किसी भी बाहरी व्यक्ति को कॉलेज परिसर में प्रवेश न दिया जाए और दोनों गेटों पर सख्ती से जांच की जाए। सुरक्षाकर्मियों ने बताया कि इन युवकों को उन्होंने बैरियर से वापस कर दिया था।

# 15 जून तक बन जाएगा मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय, प्रवेश इसी सत्र से

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** करीब 20 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय 15 जून तक तैयार हो जाएगा। विद्यालय में प्री-नर्सरी से लेकर इंटरमीडिएट तक के छात्र-छात्राओं को आधुनिक सुविधाओं के बीच गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी।

विद्यालय को आधुनिक शिक्षा प्रणाली के अनुरूप विकसित किया जा रहा है। यहां प्रयोगशालाएं, कम्प्यूटर लैब, डिजिटल सुविधाओं से युक्त लाइब्रेरी, मल्टीपरपज हॉल और स्टाफ रूम की व्यवस्था की जा रही है। छात्रों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए भवन को


मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय।

पूरी तरह सुव्यवस्थित तरीके से डिजाइन किया गया है। विद्यालय में 27 कमरे बनाए जा रहे हैं, जबकि प्रशासनिक कार्यों के लिए बाबुओं के अलग कक्ष भी तैयार किए गए हैं। अधिकारियों के मुताबिक इसी शैक्षिक सत्र से विद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया भी शुरू कर दी जाएगी। सरकार

● **प्री-नर्सरी से इंटर तक मिलेगी स्मार्ट तरीके से शिक्षा**

की मंशा है कि बच्चों को एक ही परिसर में बेहतर शिक्षा, आधुनिक संसाधन और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जाए। बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) द्वारा निर्माण कार्य तेजी से कराया जा रहा है।

कनिष्ठ अभियंता संदीप कुमार ने बताया कि विद्यालय का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है और तय समय सीमा के भीतर इसे पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और आधुनिक शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह विद्यालय तैयार कराया जा रहा है।

# रैली के माध्यम से राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार



रैली में शामिल छात्राएं। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 9 मई शनिवार को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु बुधवार को जनपद न्यायालय परिसर से जागरूकता रैली निकाली गई।

रैली का आरम्भ जनपद न्यायाधीश प्रदीप कुमार सिंह ने हरी झण्डी दिखाकर किया। रैली जनपद न्यायालय परिसर से प्रारम्भ होकर कलेक्ट्रेट, तहसील परिसर होते हुए पुनः न्यायालय परिसर पहुंची। रैली में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, कस्तूरबा इंटर कॉलेज एवं राजकीय इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया और लोगों को राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रति जागरूक किया। न्यायिक अधिकारी, न्यायालय कर्मचारी तथा पराविधिक स्वयंसेवक भी उपस्थित रहे।

# सनातन धर्म पर की टिप्पणी... माफी मांग कर छूटा

**बरेली, अमृत विचार:** सनातन धर्म पर आपत्तिजनक टिप्पणी का स्टेटस लगाने वाले युवक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। बाद में युवक के माफी मांगने पर छोड़ दिया गया।

इज्जतनगर थाना क्षेत्र की रेलवे कॉलोनी में रहने वाले युवक ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर सनातन धर्म से जुड़ा आपत्तिजनक स्टेटस लगा दिया था। शिकायत मिलेन पर पुलिस युवक को थाने ले आई। युवक ने बताया कि उसने अपने एक दोस्त द्वारा भेजा गया स्टेटस बिना पढ़े ही अपने अकाउंट पर लगा लिया था। युवक ने कहा कि वह पूजा-पाठ करने वाला व्यक्ति है और उससे गलती हो गई। बाद में उसके मांफी मांगने का वीडियो सोशल मीडिया पर डाला गया। वीडियो में उसने बताया कि वह भविष्य में ऐसी गलती दोबारा नहीं करेगा। पुलिस का कहना है कि सोशल मीडिया पर धार्मिक भावनाएं भड़काने वाली पोस्ट पर नजर रखी जा रही है।

# स्कूल के पास राइस मिल निर्माण का विरोध, ग्रामीण पहुंचे डीएम दरबार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** भोजीपुरा के ग्राम परसूनगला में प्रस्तावित राइस मिल को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया कि ग्राम समाज के नाले को पाटकर सरकारी स्कूल, प्राइवेट स्कूल और शिव मंदिर के समीप राइस मिल का निर्माण कराया जा रहा है, जिससे गांव की व्यवस्था और बच्चों की शिक्षा पर असर पड़ सकता है।

ग्रामीणों के अनुसार धौराटांडा निवासी कुछ लोगगांव के कब्रिस्तान के पास नाले को मिट्टी डालकर पाट रहे हैं और वहीं राइस मिल की बुनियाद खोदी जा रही है। ग्रामवासियों ने आबादी और स्कूल के पास राइस मिल निर्माण का विरोध किया तो वे लोग झगड़े पर आमादा हो गए। ग्रामीणों ने बताया


डीएम को ज्ञापन देने पहुंचे ग्रामीण। ● अमृत विचार

● **नाला पाटकर हो रहा निर्माण बच्चों की पढ़ाई और जल निकासी पर होगा संकट**

कि यदि आबादी के बीच राइस मिल संचालित होती है तो मशीनों के शोर, धूल और भारी वाहनों की आवाजाही से स्कूलों में बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होगी। साथ ही नाला बंद होने से जल निकासी व्यवस्था बाधित हो जाएगी, जिससे बरसात के समय गांव और आसपास की कृषि भूमि जलभराव की चपेट में आ सकती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की तत्काल जांच कराकर राइस मिल निर्माण कार्य पर रोक लगाई जाए और ग्राम समाज की भूमि तथा नाले को अतिक्रमण मुक्त कराया जाए। इस संबंध में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने हस्ताक्षरयुक्त शिकायती पत्र जिलाधिकारी को सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

# गैस सिलेंडर के बढ़े दामों पर व्यापारियों का फूटा गुस्सा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** कमर्शियल गैस सिलेंडर के बढ़े दामों को लेकर व्यापारियों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपकर गैस कीमतों में बढ़ोतरी वापस लेने की मांग की।

ज्ञापन में कहा गया कि 1 मई 2026 से कमर्शियल गैस सिलेंडर के दामों मेंवृद्धि से होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट, हलवाई, बेकरी, डेयरी संचालकों तथा छोटे कारोबारियों पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है। पहले से ही महंगाई की मार झेल रहे छोटे कारोबारियों कह कमर टूट जाएगी। व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष अकरम खान ने कहा कि यदि सरकार ने बढ़े हुए दाम वापस नहीं लिए तो व्यापारी सड़कों पर उतरकर

● **उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा**

बड़ा आंदोलन करेंगे। ज्ञापन में मांग की गई कि कमर्शियल गैस सिलेंडरों के बढ़े हुए दाम तत्काल वापस लिए जाएं, गैस की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही कमर्शियल गैस सिलेंडर पर लगने वाले 18 प्रतिशत जीएसटी को घटाकर 5 प्रतिशत किए जाने की मांग भी उठाई गई।

इस दौरान महामंत्री कमल गुप्ता, शशांक गुप्ता, प्रदीप गर्ग, एडवोकेट राकेश गंगवार, जिला मीडिया प्रभारी डॉ. मुदित प्रताप सिंह, राजेश कुमार दिवाकर, मोहम्मद इरशाद, परवेज आलम, गौरव गर्ग सहित अनेक व्यापारी मौजूद रहे।

## सिटी ब्रीफ

### आउटसोर्सिंग कर्मियों को वेतन न मिलने पर जताई नाराजगी

**बरेली, अमृत विचार :** राजकीय विद्यालयों में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मियों को जनवरी माह से वेतन न मिलने के विरोध में शिक्षणेत्तर कर्मचारी संयुक्त परिषद ने गहरी नाराजगी व्यक्त की है। परिषद के जिलाध्यक्ष हरी शंकर ने कहा कि कई महीनों से वेतन लंबित होने के कारण कर्मचारियों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। उन्हें परिवार का पालन-पोषण करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। विद्यालयों में साफ-सफाई, कार्यालयीय व्यवस्था समेत अन्य आवश्यक कार्यों में आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। इसके बावजूद उन्हें समय पर वेतन न मिलना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। विभागीय अधिकारियों से मांग की है कि आउटसोर्सिंग कर्मियों का जनवरी माह से लंबित वेतन तत्काल जारी किया जाए। चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही कर्मचारियों के बकाया वेतन का भुगतान नहीं किया गया तो संगठन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

### जयनारायण में मेधावी छात्रों को दी जाएगी छात्रवृत्ति

**बरेली, अमृत विचार :** जयनारायण सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज द्वारा मेधावी छात्रों के लिए विशेष छात्रवृत्ति योजना शुरू की गई है। विद्यालय प्रशासन के अनुसार, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को 400 रुपये तथा 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को 200 रुपये प्रतिमाह की छात्रवृत्ति दी जाएगी। यह सुविधा उन छात्रों को भी मिलेगी जो अन्य विद्यालयों से हाईस्कूल उत्तीर्ण कर कक्षा 11 में इस विद्यालय में प्रवेश लेंगे। इस दौरान विद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों एवं उनके अभिभावकों को सम्मानित भी किया गया। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा, प्रबंधक डॉ. अनिल गर्ग एवं प्रधानाचार्य तपेन्द्र कटारा ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## बरेली कॉलेज का महिला छात्रावास तैयार, लेकिन अभी शुरुआत अधर में

- नवंबर से संचालन का था दावा 80 छात्राओं के लिए तैयार किया गया छात्रावास

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** बरेली कॉलेज में छात्राओं की आवासीय समस्या के समाधान के लिए तैयार किया गया आधुनिक महिला छात्रावास अभी तक शुरू नहीं हो सका है। जबकि इसे नवंबर 2025 से संचालित किए जाने का दावा किया गया था। छात्रावास शुरू होने में देरी से दूर-दराज की छात्राओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

बरेली कॉलेज में छात्राओं की आवासीय समस्या को दूर करने के लिए आधुनिक महिला छात्रावास 80 छात्राओं के रहने के हिसाब से बनाया गया। बरेली कॉलेज प्रशासन के अनुसार छात्रावास में छात्राओं को नंबवर में प्रवेश दिया जाना था लेकिन कुछ कमियों की वजह से प्रवेश नहीं दिया गया। बरेली कॉलेज के डीएसडब्ल्यू प्रो. एमबी कलहंस ने बताया कि सभी औपचारिकताएं पूरी करने बाद छात्रावास को नए सत्र से छात्राओं के लिए खोल दिया जाएगा। छात्रावास में 80 छात्राओं की रहने की बात की व्यवस्था की गई है।

### डिजिटल सर्टिफिकेट ही होंगे मान्य, बीसीए और बीबीए समेत कई कोर्सों के लिए होंगे प्रवेश

## बरेली कॉलेज में सेल्फ फाइनेंस कोर्सों में आवेदन शुरू

कार्यालय संवाददाता, बरेली



- जिन छात्रों की पढ़ाई के बीच में गैप रहा उन्हें 10 रुपये के स्टांप पेपर पर देना होगा एफिडेविट

**अमृत विचार:** बरेली कॉलेज में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए सेल्फ फाइनेंस कोर्सों में प्रवेश शुरू हो गए हैं। कॉलेज प्रशासन ने साफ किया कि इस बार प्रवेश प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी होगी। छात्रों को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के समय अपने सभी दस्तावेज तय फॉर्मेट में ही अपलोड करने होंगे।

बरेली कॉलेज ने इस बार सबसे अहम बदलाव यह है कि इस बार फर्जीवाड़े को रोकने के लिए सभी प्रमाणपत्रों का सत्यापन संबंधित सरकारी वेबसाइटों से ऑनलाइन किया जाएगा। इस बार डिजिटल दस्तावेजों को ही प्राथमिकता दी जाएगी। दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए केवल ऑनलाइन जारी प्रमाणपत्र ही मान्य होंगे। इसके अलावा ओबीसी (नॉन-क्रीमी लेयर) और ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्रों के लिए भी समय सीमा निर्धारित की गई है। आरक्षित वर्ग के छात्रों को नियमानुसार अंकों में छूट दी जाएगी। जिन छात्रों की पढ़ाई के बीच में गैप रहा है। उन्हें 10 रुपये के स्टांप पेपर पर नोटरी की ओर से प्रमाणित गैप सर्टिफिकेट अपलोड करना अनिवार्य होगा। कॉलेज ने हेल्पलाइन नंबर 7240943708 और ईमेल bcbhelp@sisums जारी किया है।

प्रवेश नियंत्रक प्रो. अजय कुमार सिंह ने बताया कि बरेली कॉलेज में स्ववित्तपोषित योजना के तहत संचालित होने वाले यूजी और पीजी के सभी कोर्सों के लिए शुक्रवार से ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। छात्र http://bcb.ac.in पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने के बाद अपने सभी मूल दस्तावेजों के साथ संबंधित विभागों में आवेदन पत्र जमा करेंगे।

### इन कोर्सों में खुले प्रवेश के रास्ते

कॉलेज ने बीबीए, बीसीए, बीकॉम ऑनर्स, बी.लिब, एम.लिब, एमएससी (बायोटेक्नोलॉजी), एमएससी (एनवायरमेंट), एमएड और यूजी स्तर पर फैशन डिजाइनिंग, फोटोग्राफी और इंटीरियर डिजाइनिंग जैसे एक वर्षीय डिप्लोमा कोर्स शामिल है। वहीं पीजी स्तर पर एमएससी बायोटेक्नोलॉजी, एमएससी एनवायरमेंट, एमएड और पीजी डिप्लोमा के अंतर्गत मॉडर्न अरेबिक, जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन और प्रोफेशनल बायोटेक्नोलॉजी जैसे कोर्सों में प्रवेश के द्वार खुले हैं। बीए, बीएससी और बीकॉम के लिए पंजीकरण विश्वविद्यालय द्वारा प्रक्रिया शुरू किए जाने के बाद प्रारंभ किए जाएंगे।

### बीबीए में सबसे ज्यादा 240 सीटें

बीबीए में 240, बीसीए में 160, बीकॉम ऑनर्स में 160, बी.लिब में 60, एम.लिब में 40, एमएससी बायोटेक्नोलॉजी में 30, एमएससी एनवायरमेंट में 40 और एमएड में 50 सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। इनके अलावा यूजी और पीजी डिप्लोमा कोर्सों के लिए भी पर्याप्त सीटें उपलब्ध हैं।

### बीसीए के लिए गणित अनिवार्य, पर्यावरण के अंक नहीं जुड़ेंगे

प्रवेश के लिए कुछ विशेष अर्हताएं भी तय की गई हैं। बीसीए में दाखिला लेने के लिए छात्र के पास 12वीं में गणित विषय होना जरूरी है। वहीं, अन्य कोर्सों में किसी भी स्ट्रीम के छात्र आवेदन कर सकते हैं। सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड के छात्रों को ध्यान रखना होगा कि वे केवल मुख्य विषयों के अंक ही जोड़ें। पर्यावरण शिक्षा जैसे वैकल्पिक विषयों के अंक मेरिट बनाने के लिए कुल योग में शामिल नहीं किए जाएंगे।

## द ह्यूमन सेंट्रिक अप्रोच पर कई देशों के शिक्षाविदों का व्याख्यान

### रुहेलखंड विश्वविद्यालय में शिक्षा 5.0 पर अंतरराष्ट्रीय व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, बरेली



- 32 घंटे की हाइब्रिड लेक्चर सीरीज में शिक्षा और मानवीय मूल्यों पर की जाएगी चर्चा
- भारत सहित अमेरिका, नेपाल, भूटान, स्पेन और ताइवान के शिक्षाविद एवं विशेषज्ञ होंगे शामिल

**अमृत विचार:** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रशासन विभाग की ओर से गुरुवार से रविवार तक प्रो. एसबी सिंह मेमोरियल इंटरनेशनल वैल्यू एडेड लेक्चर सीरीज का आयोजन किया जा रहा है। एजुकेशन 5.0 : द ह्यूमन सेंट्रिक अप्रोच विषय पर आधारित 32 घंटे की अंतरराष्ट्रीय व्याख्यान श्रृंखला हाइब्रिड मोड में आयोजित की जा रही है।

विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार प्रो. एसबी सिंह ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में भारत सहित अमेरिका, नेपाल, भूटान, स्पेन और ताइवान के शिक्षाविद एवं विशेषज्ञ भाग लेंगे। व्याख्यान श्रृंखला का उद्देश्य नई शिक्षा प्रणाली में तकनीक और मानवीय मूल्यों के संतुलन पर चर्चा करना है। इसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल लर्निंग, क्रिटिकल थिंकिंग, इमोशनल इंटेलिजेंस, नैतिकता और सामाजिक जिम्मेदारी जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। इसमें अंतर्राष्ट्रीय व्याख्यान में जॉन कैरोल यूनिवर्सिटी अमेरिका की प्रो. सिमरन कहाई, नेपाल के ग्लोबल कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट के निदेशक डॉ. देवराज पनेरू, भूटान के पूर्व महानिदेशक डॉ. ल्हातो जाम्बा, यूनिवर्सिटी ऑफ सेविल की प्रो. सुमिता श्रीवास्तव, ताइवान से विश्वविद्यालय की शिक्षिका चियाली चेन सहित कई अंतरराष्ट्रीय वक्ता अपने विचार साझा करेंगे।

इसके अलावा शिक्षा, प्रबंधन और नैतिक मूल्यों से जुड़े विशेषज्ञ भी छात्रों को संबोधित करेंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति और कार्यक्रम के संरक्षक प्रो. केपी सिंह ने बताया कि यह व्याख्यान श्रृंखला विद्यार्थियों को वैश्विक शिक्षा प्रणाली, नवाचार और मानवीय मूल्यों के समन्वय को समझने का अवसर प्रदान करेगी। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. नम्रता यादव दास, डॉ. मंजुला सिंह, डॉ. भावना सक्सेना, डॉ. रोमिता खुराना, डॉ. ऋचा सिंह, वैषाली विश्वकर्मा है।

## डॉ. यशपाल सिंह को मिली फेलोशिप

**बरेली, अमृत विचार:** भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान के संयुक्त निदेशक डॉ. यशपाल सिंह मलिक को चिकित्सा एवं वन हेल्थ के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रतिष्ठित नेशनल एकेडमी ऑफ मेडिकल साइंसेज की फेलोशिप से सम्मानित किया गया है।



डॉ. यशपाल सिंह।

डॉ. मलिक आईवीआरआई के मुक्तेश्वर परिसर में संयुक्त निदेशकहैं। डॉ. यशपाल सिंह मलिक ने रोटावायरस जैसे जूनोटिक रोगजनकों पर गहन शोध कर स्वास्थ्य विज्ञान के क्षेत्र में नई दिशा देने का कार्य किया है। उनके शोध को जनस्वास्थ्य की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि इससे मानव और पशुओं के बीच फैलने वाली बीमारियों की रोकथाम और बेहतर स्वास्थ्य प्रबंधन को मजबूती मिली है।

## बरेली कॉलेज में द्वितीय पाली की परीक्षा 10 मिनट देरी से शुरू



परीक्षा देकर आती छात्राएं। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता बरेली

**अमृत विचार:** बरेली कॉलेज में गुरुवार को द्वितीय पाली में बीबीए के लगभग 300 विद्यार्थी परीक्षा देने पहुंचे। सीटिंग प्लान से अधिक विद्यार्थियों के परीक्षा देने पहुंचने के कारण अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

विश्वविद्यालय की ओर से परीक्षा देने वालों विद्यार्थियों की एनआर (नामावली रजिस्टर) समय पर नहीं पहुंचने के कारण दूसरी पाली की परीक्षा करीब 10 मिनट देरी से शुरू हुई। कॉलेज के दूसरी पाली के केंद्र प्रभारी प्रो. स्वदेश सिंह ने बताया कि दूसरी पाली की परीक्षा के लिए निर्धारित सीटिंग प्लान के मुकाबले अधिक संख्या में छात्र परीक्षा देने पहुंच गए। इसी दौरान करीब 290 छात्रों की एनआर देर से पहुंचने के कारण परीक्षा केंद्र पर व्यवस्थाएं प्रभावित हो गईं। एनआर आने के तुरंत बाद सीटिंग व्यवस्था के बाद परीक्षा शुरू कराई गई। देरी के कारण छात्रों में असमंजस और चिंता का माहौल बना जरूर लेकिन परीक्षा सुचारु रही।

## मेधावी बच्चों का पंजाबी महासभा ने किया सम्मान




सम्मान समारोह में महापौर उमेश गौतम, बच्चे व संगठन के लोग। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** पंजाबी महासभा की ओर से गुरुवार को राजेंद्र नगर स्थित एक होटल में 'प्रतिभा सम्मान समारोह' आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 1 से 5 तक के करीब 80 मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल, मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। गुरुजनों को भी सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि आरएसएस के शशांक भाटिया ने कहा कि बच्चों की प्रतिभा का सम्मान करना राष्ट्र निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य ने कहा कि बच्चों के चेहरे की मुस्कान ही समाज की सबसे बड़ी खुशी है। महापौर उमेश गौतम ने पंजाबी महासभा के सामाजिक और शैक्षिक कार्यों की सराहना की। संचालन नगर अध्यक्ष संजय आनंद और महिला अध्यक्ष मनीषा आहूजा ने किया। जिला अध्यक्ष अशोक अरोड़ा, गुलशन आनंद, यतिन भाटिया, अमित अरोरा समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी, अभिभावक और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## रवीन्द्रनाथ टैगोर भारतीय संस्कृति एवं साहित्य के महान स्तंभः डा. लता

कार्यालय संवाददाता, बरेली




कार्यक्रम में मौजूद बच्चे व अध्यापक। ● अमृत विचार

- केशलता इंटरनेशनल स्कूल में मनाई गई विश्वकवि रवीन्द्रनाथ टैगोर की 165 वी जयंती

**अमृत विचार:** बीसलपुर रोड पर स्थित केशलता इंटरनेशनल स्कूल में गुरुवार को विश्वकवि रवीन्द्रनाथ टैगोर की 165 वीं जयंती मनाई गई। विद्यालय परिसर गुरुदेव के प्रेरणादायी विचारों एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से गूंज उठा। विद्यार्थियों ने कविता पाठ, गीत, भाषण एवं नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से गुरुदेव के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को जीवंत रुप में प्रस्तुत किया।

विद्यालय की निदेशिका डा. लता अग्रवाल ने कहा कि गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर भारतीय संस्कृति एवं साहित्य के ऐसे महान स्तंभ हैं, जिनके विचार प्रत्येक पीढ़ी को नई प्रेरणा प्रदान करते हैं। विद्यार्थियों को गुरुदेव के आदर्शों को अपनाकर अपने जीवन को संस्कारित एवं उद्देश्यपूर्ण बनाना चाहिए। प्रधानाचार्य ममतेश माहेश्वरी ने कहा कि गुरुदेव ने शिक्षा को केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित न रखकर जीवन मूल्यों, प्रकृति एवं रचनात्मकता से जोड़ने का कार्य किया।

नका शिक्षा दर्शन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का आधार है। उप प्रधानाचार्य डा. निशा शर्मा ने कहा कि गुरुदेव की रचनाएं प्रेम, शांति, सौहार्द एवं मानवता का संदेश देती हैं। उनकी शिक्षाएं विद्यार्थियों को सृजनात्मक सोच एवं सकारात्मक दृषिकोण अपनाने के लिए प्रेरित करती है।

प्रशासनिक अधिकारी सुधांशु शर्मा ने कहा कि गुरुदेव का जीवन अनुशासन, संस्कृति एवं राष्ट्रप्रेम का अनुपम उदाहरण है। कार्यक्रम में सभी शिक्षक और छात्र-छात्राएं मौजूद रही। अंत में सभी ने गुरुदेव को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

## खानकाह ए नियाजिया में अदा की गई कुल की रस्म

**बरेली, अमृत विचार:** खानकाह ए नियाजिया में उर्स का आगाज हो गया है। गुरुवार को पहले दिन कुरानख्वानी का आयोजन किया गया। उसके बाद दोपहर में अकीदतमंदों के लिए लंगर किया गया। खानकाह में दिन भर चादरपोशी और गुलपोशी का सिलसिला चलता रहा।

खानकाह के प्रबंधक जुनैदी मियां नियाजी ने बताया कि गुरुवार की शाम शाह मोहम्मद हसन सज्जाद उर्फ हसन मियां का कुल कव्वाली के साथ हुआ। उसके बाद रात 9: 30 बजे कव्वाली के साथ शाह मोहम्मद तकी उर्फ अजीज मियां के कुल की रस्म अदा की गई। उसके बाद देर रात डेढ़ बजे हसनी मियां का विसाली कुल हुआ। सभी अकीदतमंदों को लंगर बांटा गया। अंत में सज्जादानशीन मोहम्मद मेहंदी मियां ने देश में अमन चैन और भाईचारे की दुआ की।

## विवि की प्रयोगात्मक और मौखिकी परीक्षाएं आज से

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- विश्वविद्यालय ने परीक्षाओं के लिए केंद्रों की सूची भी की जारी
- पूर्व प्रवेशित छात्रों का पाठ्यक्रम पूरा कराने को हो रहीं परीक्षाएं

**अमृत विचार:** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने वार्षिक प्रणाली के अंतर्गत संचालित स्नातक और परास्नातक पाठ्यक्रमों के पूर्व वर्षों में प्रवेशित छात्र-छात्राओं की शुक्रवार से शुरु होने वाली प्रयोगात्मक एवं मौखिकी परीक्षाओं के लिए परीक्षा केंद्रों की सूची भी जारी की है।

विश्वविद्यालय प्रशासन सभी महाविद्यालयों के प्राचार्य को पत्र भेजकर विभिन्न महाविद्यालयों को नोडल केंद्र बनाते हुए उनसे संबद्ध कॉलेजों की परीक्षाएं संपन्न कराने के निर्देश दिए हैं।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने बताया कि शासन के निर्देश पर बीए, बीएससी, बीकॉम तथा एमए, एमएससी और एमकॉम समेत वार्षिकी प्रणाली के पाठ्यक्रम समाप्त किए जा चुके है। हालांकि, पूर्व वर्षों में प्रवेशित विद्यार्थियों को निर्धारित समयावधि में पाठ्यक्रम पूर्ण कराने के लिए विश्वविद्यालय उनकी परीक्षाएं आयोजित करा रहा है। इसी क्रम में प्रयोगात्मक और मौखिकी परीक्षाएं भी कराई जाएंगी। विश्वविद्यालय की ओर से बनाए गए केंद्रों से संबद्ध महाविद्यालयों के संस्थागत और व्यक्तिगत छात्र-छात्राओं की परीक्षाएं 8 मई से 25 मई के बीच आयोजित की जाएंगी। इसके लिए राजकीय और अनुदानित महाविद्यालयों में कार्यरत स्थायी एवं अवकाश प्राप्त शिक्षकों की सेवाएं ली जाएंगी।

### विश्वविद्यालय के एलएलबी तीन वर्षीय पाठ्यक्रम की परीक्षाएं 22 से

**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने एलएलबी तीन वर्षीय पाठ्यक्रम की द्वितीय, चतुर्थ और षष्ठम सेमेस्टर सहित विभिन्न पाठ्यक्रम की मुख्य एवं बैक पेपर परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया है। परीक्षा 22 मई से 3 जून तक चलेगी। विश्वविद्यालय के अनुसार द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा संविधान विधि, स्पेसिफिक कॉन्ट्रैक्ट, फैमिली लॉ और कंपनी लॉ जैसे विषयों से शुरू होगी। वहीं, चतुर्थ सेमेस्टर में लॉ ऑफ एविडेंस, लॉ ऑफ क्राइम और सिविल प्रोसीजर कोड की परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। षष्ठम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए प्रिंसिपल्स ऑफ टैक्सेशन लॉ, लैंड लॉ, ट्रेडमार्क एंड डिजाइन, राइट टू इंफॉर्मेशन और कॉपीराइट लॉ समेत वैकल्पिक विषय शामिल किए गए है। इसके साथ ही बीए एलएलबी, एलएलएम, बीबीए बीसीए, बीकॉम सहित सभी डिप्लोमा कोर्स की परीक्षाएं 22 मई से शुरु हो रही है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्रों से निर्धारित तिथि और समय के अनुसार परीक्षा में शामिल होने तथा प्रवेश पत्र व पहचान पत्र साथ लाने के निर्देश दिए हैं।

### बीएड, बीपीएड परीक्षा केंद्रों की सूची जारी

**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने बीएड, बीपीएड, बीएलएड एवं एमएड की मुख्य परीक्षाओं के लिए परीक्षा केंद्रों की निर्धारित सूची गुरुवार को जारी कर दी। विश्वविद्यालय में बरेली, शाहजहांपुर, पीलीभीत, बदायूं के साथ मुरादाबाद, बिजनौर, रामपुर, अमरोहा, जेपीनगर, संभल के महाविद्यालयों को परीक्षाओं का केंद्र बनाया गया। बरेली में बरेली कॉलेज को 17 महाविद्यालयों का, गन्ना उत्पादक महाविद्यालय बहेड़ी और राजेंद्र प्रसाद स्नातकोत्तर महाविद्यालय मीरगंज को 2-2 महाविद्यालयों का परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

## सिटी डायरी

### किशोर न्याय व्यवस्था पर प्रीति वर्मा ने किया शोध



**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के विधि विभाग में गुरुवार को शोधार्थी प्रीति वर्मा का पीएचडी वायवा प्रस्तुतीकरण हुआ। उन्होंने वर्किंग ऑफ जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड अंडर द जुवेनाइल जस्टिस एक्ट-2015 : ए क्रिटिकल स्टडी ऑफ रुहेलखंड रीजन विषय पर अपना शोध प्रस्तुत किया। बाह्य परीक्षक के रूप में अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के प्रो. मोहम्मद अशरफ मौजूद रहे। शोध कार्य विभागाध्यक्ष प्रो. अमित सिंह के निर्देशन में चार वर्षों में पूरा किया गया। शोधार्थी ने किशोर न्याय बोर्ड की कार्यप्रणाली, नीतिगत सुधार, किशोरों के लिए विधिक सेवाओं की उपलब्धता, समय पर व्यावसायिक प्रशिक्षण और जागरूकता अभियान जैसे महत्वपूर्ण सुझाव रखे। प्रो. वीके गुप्ता, डॉ. अरुण प्रकाश सिंह, डॉ. शहनाज अख्तर, डॉ. अनुराधा यादव, डॉ. लक्ष्मी देवी, डॉ. नईमुद्दीन सहित विभाग के शिक्षक, शोधार्थी और एलएलएम के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### बरेली कॉलेज के कर्मचारियों ने प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा



**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज के अस्थाई कर्मचारियों ने गुरुवार को प्राचार्य प्रो. ओपी राय को अपनी मांगों के लिए ज्ञापन सौंपा। कर्मचारी कल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष जितेंद्र मिश्रा ने कहा कि ज्ञापन में अस्थाई कर्मचारियों का वेतन 20 हजार रुपये प्रति माह करने और खाली पड़े पदों पर समायोजन तथा बरेली कॉलेज को केंद्रीय विश्वविद्यालय बनाने की मांग की। सचिव हरीश मौर्य, पूरनलाल मसीह, राजाराम, रामौतार, नन्हेलाल, श्रीराम, बच्ची देवी, सावित्री, माया पांडे आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

### डॉ. अनीस बेग के निवास पर नसीमुद्दीन सिद्दीकी का स्वागत

**बरेली, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी का डॉ. अनीस बेग के निवास पर स्वागत किया गया। डॉ. अनीस बेग एवं उनके परिवार ने बुके और स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। शांति सिंह, राजेश्वरी, जमुना प्रसाद मौर्य, ऋषि यादव, रोहित राजपूत, दिलीप कुमार, कुलदीप बाल्मीकि, वीना गौतम, इंदर लोधी, महेंद्र लोधी, सर्वेश सोनकर सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, चिकित्सक उपस्थित रहे।



### बरेली कॉलेज में स्व जनगणना प्रशिक्षण आयोजित



बरेली, अमृत विचार : बरेली कॉलेज के सेमिनार कक्ष में गुरुवार को स्व जनगणना पोर्टल के संचालन एवं प्रारंभिक पंजीकरण को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। गृह मंत्रालय की ओर से नियुक्त नोडल अधिकारी उपहार मिश्रा और राकेश सिंह ने फ्लोचार्ट के माध्यम से विद्यार्थियों को पोर्टल में प्रवेश और पंजीकरण की प्रक्रिया समझाई। महाविद्यालय की उप प्राचार्य प्रो. वंदना शर्मा, राजनीति विज्ञान विभाग की प्रभारी प्रो. मनमीत कौर, डीएसडब्ल्यू प्रो. मोहन भूषण कलहंस, प्रो. अजय सिंह, डॉ. प्रो. रविंद्र बंसल, प्रियंक मल्होत्रा, डॉ. रमेश त्रिपाठी, चीफ प्रॉक्टर प्रो. इंदीवर सिंह चौहान, डॉ. अमित चिकारा, प्रो. रामेंद्र सोलंकी आदि उपस्थित रहे।

### बरेली कॉलेज के पांच शिक्षकों की हुई प्रोन्नति

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज के सेमीनार हॉल में गुरुवार को कॉलेज के पांच शिक्षकों की प्रोन्नति की प्रक्रिया पूरी की गई। प्रोन्नति पाने वाले शिक्षकों में कॉमर्स विभाग के शिक्षक आलोक कुणाल, समाजशास्त्र विभाग के आशीष कुमार विद्यार्थी, उर्दू विभाग के सूर्य प्रकाश राव, शिक्षा शास्त्र विभाग के देवराज और अंग्रेजी विभाग के विशुन कुमार शामिल हैं। कोड ऑफ कंट्रोल के सदस्य प्रो. प्रभाकर गुप्ता, महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओपी राय, स्थापना प्रभारी एवं उप प्राचार्य प्रो. वंदना शर्मा, प्रो. दयाराम, प्रो. मनमीत कौर, प्रो. रेनू चौधरी, प्रो. भारती डोगरा, प्रो. शिखा वर्मा, डॉ. विकास शर्मा आदि उपस्थित रहे।

